RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 127 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 01-12-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 कोहली का 52वां शतक, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया
6 नशे का बढ़ता प्रचलन एवं घातक कारोबार
7 अभिनय की दुनिया एक अलग जिंदगी जीने की आजादी देती है : निमरत कौर

## फर्स्ट टेक

### नेपाल में 4.4 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के बझांग जिले में रविवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र (एनईएमआरसी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12:09 बजे आए भूकंप का केंद्र बझांग जिले में साइपाल पर्वत था। एनईएमआरसी ने बताया कि भूकंप के झटके पश्चिमी प्रांत के बाजुरा सहित पड़ोसी जिलों में रहने वाले लोगों ने भी महसूस किए। नेपाल सर्वाधिक सक्रिय टेक्टोनिक क्षेत्रों (भूकंपीय क्षेत्र चार और पांच) में स्थित है, जिसके कारण यह भूकंप के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, तथा यहां प्रत्येक वर्ष कई भूकंप आते हैं।

### नेतन्याहू ने क्षमादान का अनुरोध प्रस्तुत किया

**यरूशलम/एपी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि वे उन्हें उनके खिलाफ लंबे समय से जारी भ्रष्टाचार के उस मुकदमे के बीच क्षमादान प्रदान करें, जिसने देश को बुरी तरह विभाजित कर दिया है। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को क्षमादान का अनुरोध प्रस्तुत किया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे एक असाधारण अनुरोध बताया, जिसके महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। नेतन्याहू इजराइली इतिहास में एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो तीन अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत के आरोपों को लेकर मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

### पाकिस्तान, मिस्र आर्थिक व रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर सहमत हुए

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान और मिस्र ने कई सालों से ठंडे पड़े रिश्तों को नयी गर्माहट देते हुए रविवार को आर्थिक, वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और रक्षा क्षेत्रों में रिश्ते मजबूत करने पर सहमति जताई। दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचे मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के साथ चर्चा की। दोनों पक्षों ने गाजा और सूडान में संघर्ष, ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर विवाद और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों सहित कई मुद्दों पर बातचीत की। संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डार ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान-मिस्र संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग की 2010 से कोई बैठक नहीं हुई है, और न ही दोनों देशों ने द्विपक्षीय राजनीतिक परामर्श किया है।



# पुलिस के प्रति जन धारणा को बदलने की आवश्यकता : प्रधानमंत्री

▪ प्रधानमंत्री ने समग्र विकास और तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नवीन मॉडलों को अपनाने का आह्वान किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें प्रवर्तन, पुनर्वास और सामुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप को एकीकृत किया जाए। उन्होंने सार्वजनिक धारणा, विशेषकर युवाओं में, पुलिस के प्रति नजरिये में बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके लिए पेशेवर दक्षता और संवेदनशीलता बढ़ाने तथा शहरी और पर्यटन पुलिसिंग को सशक्त करने की जरूरत है।

भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने प्रतिबंधित संगठनों की नियमित निगरानी, वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों के समग्र विकास और तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नवीन मॉडलों को अपनाने का आह्वान किया।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उन्होंने शहरी पुलिसिंग को मजबूत करने, पर्यटक पुलिस इकाइयों को पुनर्जीवित करने और औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले नव-अधिनियमित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। विकसित भारत: सुरक्षा आयाम विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित अन्य लोग शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने पुलिस नेतृत्व से विकासशील राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप पुलिस कार्यप्रणाली को पुनः व्यवस्थित करने का आह्वान करते हुए कहा कि 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर होते हुए पुलिस के प्रति जनता की धारणा, विशेषकर युवाओं के बीच, बेहतर व्यावसायिकता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के माध्यम से बदलाव लाने की आवश्यकता है।

# तमिलनाडु में दो सरकारी बसों की आमने-सामने की टक्कर, 11 यात्रियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को दो सरकारी बसों की आमने-सामने की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 25 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के बताया कि रविवार शाम को दुर्घटना में 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा शामिल है।

वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दुर्घटना और जानमाल के नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जिला कलेक्टर और जिले के प्रभारी मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन को प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने और घायलों का उचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) और मनिथानेय मक्कल काची (एएमएमके) सहित विभिन्न दलों ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ''यह आमने-सामने की टक्कर थी, कारण स्पष्ट नहीं है, हम इसकी जांच कर रहे हैं।'' शिवगंगा सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने संवाददाताओं को बताया कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों की देखभाल और उपचार के लिए सभी प्रबंध कर लिए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना कराईकुड़ी से लगभग 15 किमी दूर तिरुपत्तूर-पिल्लयारपट्टी मार्ग पर नचियापुरम पुलिस थाना क्षेत्र के तिरुपत्तूर के पास वैरावनपट्टी के बीच हुई।

# कुछ भारतीय लोग अपनी भाषाएं नहीं जानते : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नागपुर/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के कम होते इस्तेमाल पर चिंता जताई और कहा कि हालात ऐसे हो गए हैं कि ''कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषाएं नहीं जानते।''

नागपुर में भागवत ने संत ज्ञानेश्वरी द्वारा मूल रूप से मराठी में लिखी पुस्तक 'श्री ज्ञानेश्वरी' के अंग्रेजी संस्करण के विमोचन कार्यक्रम में समाज से भाषाई विरासत के लुप्त होने पर आत्मचिंतन करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''एक समय था जब सारा संचार, संवाद, रोज का काम संस्कृत में होता था। अब कुछ अमेरिकी प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ाते हैं, जबकि वास्तव में हमें इसे दुनिया को सिखाना चाहिए था। आज कई बच्चे कुछ बहुत ही सरल और बुनियादी शब्द भी नहीं जानते और अक्सर घर पर अपनी मातृभाषा और अंग्रेज़ी मिश्रित भाषा बोलते हैं।''

संघ प्रमुख ने कहा, ''हालात ऐसे हो गए हैं कि कुछ भारतीय लोग अपनी ही भाषाएं नहीं जानते हैं।'' उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि घर पर भारतीय भाषाएं बोलने में हिचकिचाहट की वजह से हालात और बिगड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अगर हम अपने घर में अपनी भाषा ठीक से बोलें, तो चीजें बेहतर होंगी। लेकिन हम ऐसा नहीं करते।'' संत ज्ञानेश्वर का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि समाज को बेहतर ढंग से समझाने के लिए संत भगवद गीता का ज्ञान मराठी में लाए। उन्होंने कहा, ''अब समस्या यह है कि अंग्रेजी भाषा में इतने शब्द नहीं हैं जो हमारी भाषाओं में बताए गए भावों या विचारों के सार और उसकी गहराई को बता सकें।



## उडुपी के निकट टेंपो पलटने से पांच श्रमिकों की मौत, सात अन्य घायल

**उडुपी/भाषा।** कर्नाटक के उडुपी में राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर सजावटी सामान लेकर जा रहा एक टेंपो रविवार को पलटने से वाहन में सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कउप थानाक्षेत्र के उलियारगोली गांव में यह दुर्घटना हुई। पुलिस के मुताबिक, टेंपो चालक रंजीत एक कार्यक्रम के लिए कउप से उडुपी सजावटी सामान लेकर जा रहा था और सजावट का काम करने वाले 12 कर्मचारी भी वाहन में सवार थे, जिसमें से तीन कर्मचारी केबिन में बैठे थे तथा नौ लोग पीछे बैठे थे। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिला कि टेंपो की रफ्तार बहुत तेज थी, जिससे चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया।

# 'भारत और दुनिया में मानवता की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा करें'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**झज्जर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारत और दुनिया में मानवता की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा करना आवश्यक है। योगी ने लोगों को उन विरोधी ताकतों के प्रति भी सतर्क रहने को कहा, जो नशीले पदार्थों और धर्मांतरण के माध्यम से समाज को कमजोर करने का प्रयास करती हैं।

योगी ने हरियाणा के झज्जर जिले के कबलाना गांव में एक धार्मिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत और दुनिया में मानवता की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा करना आवश्यक है। अगर हमें इस चराचर जगत की रक्षा करनी है, तो सनातन धर्म की रक्षा करनी होगी। इसे हर हाल में संरक्षित करना होगा।''

अयोध्या में राम मंदिर के ऊपर 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से फहराए गए भगवा धर्मध्वज का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि यह ध्वज सनातन गौरव का प्रतीक बन गया है। उन्होंने 2019 में उच्चतम न्यायालय के फैसले से मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद से इसके औपचारिक रूप से पूरा होने तक की घटनाओं का भी जिक्र किया।

योगी ने कहा कि हरियाणा प्रगति कर रहा है, क्योंकि यहां 'डबल इंजन' वाली सरकार है। उन्होंने कहा, ''हरियाणा अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और विकास के नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है।''

योगी ने कहा, ''जब स्वर्णिम काल आता है, तो लोगों को स्वाभाविक रूप से उतना ही सचेत और सतर्क भी रहना पड़ता है।''

01-12-2025 सूर्यास्त 5:51 बजे | 02-12-2025 सूर्योदय 6:26 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 85,706.67 | 26,202.95 |
| (-13.71) | (-12.60) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 13,170 रु. | 163,873 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### पक्ष-विपक्ष

सत्ता जिसको भी ठीक कहे,
प्रतिपक्ष उसे अनुचित कहता।
सच्चाई पर सहमति के बिन,
भटकाव बना हरदम रहता।
कमजोर तर्क की नींवों पर,
जो महल बना जल्दी ढहता।
उम्मीद लगाए जन मानस,
परिवर्तन धारा में बहता।।

## सदाचारपूर्ण जीवन, विवेकपूर्ण कर्म के लिए

# 'भगवद्गीता सार्वभौमिक मार्गदर्शक'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कुरुक्षेत्र/भाषा।** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने भगवद्गीता को ''सदाचारपूर्ण जीवन और विवेकपूर्ण कर्म के लिए एक सार्वभौमिक मार्गदर्शक'' बताते हुए रविवार को कहा कि गीता की शिक्षाएं तेजी से बदलते समय में व्यक्तियों और समाजों को दिशा दिखाने का काम करती रहेंगी।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राधाकृष्णन ने कहा कि वह कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर आकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, जिसे वेदों की भूमि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र एक शाश्वत उदाहरण है कि अंततः धर्म की अधर्म पर विजय होती है, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो।

महाभारत युद्ध के संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने उपस्थित लोगों को याद दिलाया कि युद्ध से ठीक पहले भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता के पवित्र उपदेश दिए थे, जो मानवता को कर्तव्य, धर्म और निस्वार्थ कर्म के लिए मार्गदर्शन करते हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भगवान कृष्ण का धर्म द्वारा निर्देशित कर्म पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान, सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की कुंजी है। उन्होंने कहा, हज़ारों वर्षों के बाद भी, हमारा देश और विश्व गीता का उत्सव मनाता आ रहा है। कुरुक्षेत्र वह आध्यात्मिक हृदय स्थल बना हुआ है जहां यह अमर ज्ञान पहली बार बोला गया था।

राधाकृष्णन ने कहा कि भारत की न्याय व्यवस्था और नैतिक आचरण गीता के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह शास्त्र सिखाता है कि व्यक्ति को फल की आसक्ति के बिना, सदाचारी कर्म के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए।







# श्रीलंका में 'दित्वा' के कारण 330 से अधिक लोगों की मौत, भारत की मदद से बचाव अभियान जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलंबो/भाषा।** भारतीय वायु सेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों ने चक्रवात दित्वा से हुई तबाही के बाद रविवार को भी श्रीलंकाई अधिकारियों को बचाव और राहत प्रयासों में सहायता जारी रखी। दित्वा चक्रवात के कारण 330 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की ओर से रविवार शाम छह बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, 16 नवंबर से दित्वा और चरम मौसम की स्थिति के कारण आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 334 लोगों की मौत हो चुकी है और 370 लोग लापता हैं।

डीएमसी ने बताया कि 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोग खराब मौसमी स्थितियों से प्रभावित हुए हैं।

एनडीआरएफ की टीम ने कोलंबो के कोच्चिकड़े में बचाव अभियान चलाया। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हुए, उन्होंने गंभीर बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता की और तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की।

## चक्रवात 'दित्वा' कमजोर होकर गहरे अवदाब में तब्दील हुआ : मौसम विभाग

**चेन्नई/भाषा।** चक्रवात 'दित्वा' कमजोर होकर रविवार रात गहरे अवदाब में तब्दील हो गया और यह मौसम प्रणाली सोमवार सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से कम से कम 20 किलोमीटर की दूरी पर बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में केंद्रित हो जाएगी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात दित्वा कुड्डालोर से लगभग 80 किलोमीटर पूर्व, कराईकल से 130 किलोमीटर उत्तर-पूर्व, पुडुचेरी से 90 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, वेदारण्यम से 180 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 140 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। मौसम विभाग द्वारा रविवार देर रात जारी बुलेटिन में कहा गया है, ''उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों से चक्रवात के केंद्र की न्यूनतम दूरी लगभग 80 किलोमीटर है। इसके उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के समानांतर उत्तर की ओर बढ़ने और कल (एक दिसंबर) सुबह तक कमजोर होकर अवदाब के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है।''

# नेशनल हेराल्ड मामला: भाजपा ने कांग्रेस के ‘प्रतिशोध की राजनीति’ के आरोप को ‘निराधार’ बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ''प्रतिशोध की राजनीति'' के कांग्रेस के आरोप को रविवार को ''निराधार'' बताते हुए खारिज कर दिया और कांग्रेस नेताओं से कहा कि वे भाषण देने के बजाय कथित तौर पर की गई ''लूट'' का हिसाब दें।

दिल्ली पुलिस द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद, कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी'' उसके नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और प्रतिशोध की राजनीति जारी रखे हुए है। कांग्रेस पार्टी ने 'नेशनल हेराल्ड' के मामले के ''पूरी तरह फर्जी'' होने का दावा करते हुए कहा कि आखिरकार न्याय की जीत होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के आरोपों को ''निराधार'' करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस नेताओं के खिलाफ निजी शिकायत दर्ज की गई थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र की सत्ता में नहीं थे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह मामला 2008 का है।''

भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जब प्रवर्तन निदेशालय ने मामले की जांच के आधार पर कानून के प्रावधानों के तहत उन पर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया। उन्होंने गांधी परिवार के खिलाफ आरोपों का हवाला देते हुए कहा, ''केवल 50 लाख रुपए देकर, नेशनल हेराल्ड के प्रकाशक एसोसिएट जर्नल की पूरी शेयर होल्डिंग एक नई कंपनी यंग इंडियन को हस्तांतरित कर दी गई और 76 प्रतिशत शेयर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास चले गए।'' भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि इसके साथ ही वे दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित विभिन्न राज्यों में नेशनल हेराल्ड की करोड़ों रुपए की संपत्ति के कथित तौर पर मालिक भी बन गए। प्रसाद ने कहा, ''यह स्पष्ट तौर पर लूट का मामला है... आप लूट करेंगे और कंपनी के मालिक बन जाएंगे तथा धोखाधड़ी से करोड़ों रुपए की संपत्ति के मालिक बन जाएंगे और फिर आप आरोप लगाएंगे कि आपको फंसाया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस झूठे और निराधार आरोप लगा रही है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और उनसे अनुरोध करते हैं कि वे भाषण देने के बजाय, उस लूट का हिसाब दें, जो उन्होंने किया है... कानून को अपना काम करने दें।''

# कांग्रेस ने केवल एक परिवार को प्रमुखता दी, पटेल और सुभाष चंद्र बोस को नजरअंदाज किया: वेंकैया



**वडोदरा/भाषा।** पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने सिर्फ़ एक परिवार को प्रमुखता दी और उसके सदस्यों के नाम पर कई संस्थानों का नामकरण किया, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल और सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं को नजरअंदाज किया।

नायडू ने सभी धर्मों और जातियों के लोगों से एकजुट रहने का भी आग्रह किया, खासकर जब भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने गुजरात के वडोदरा में 'सरदार ऐट 150 यूनिटी मार्च' में भाग लिया। यह मार्च पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को उनके पैतृक गांव करमसद से शुरू हुआ था। मार्च 5 दिसंबर को नर्मदा ज़िले के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर समाप्त होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए, पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने याद दिलाया कि कैसे उन्होंने ''भारत को एक बर्बाद अर्थव्यवस्था'' बताने संबंधी एक अमेरिकी नेता (राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप) की टिप्पणी दोहराई थी।

नायडू ने कहा कि हालांकि, अगले ही दिन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, ''भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, देश में एकता भी होनी चाहिए। इस तरह, सरदार पटेल द्वारा दिखाए गए मार्ग – राष्ट्र प्रथम, पार्टी बाद में, स्वयं अंत में – का अनुसरण करते हुए हम सभी को जाति, पंथ, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर इन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए।'' नायडू ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सिर्फ़ एक परिवार को ही प्रमुखता दी गई, जबकि सरदार पटेल और सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं के जीवन पर कभी चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा, ''स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी राष्ट्रीय गौरव है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई देता हूं। कांग्रेस के शासनकाल में, उन्होंने एक परिवार के बारे में बहुत कुछ लिखा और ज़्यादातर संस्थानों का नामकरण उसी परिवार के सदस्यों के नाम पर किया गया। वे स्वार्थी थे।'' पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, ''आज वडोदरा में, भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मार्च में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की थीम पर आधारित यह यूनिटी मार्च, सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता, संप्रभुता और आत्मनिर्भरता के प्रति समर्पण को एक भावभीनी श्रद्धांजलि है।''



# शीतकालीन सत्र में गतिरोध के आसार, विपक्ष का एसआईआर पर चर्चा कराने पर जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार रहने और इसमें गतिरोध पैदा होने के आसार रविवार को उस वक्त दिखाई दिए जब सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक सुर में यह मांग उठाई कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जानी चाहिए। सरकार ने हालांकि कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छी तरह चलनी चाहिए और वह गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी।

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको ''ठंडे दिमाग से'' काम करना चाहिए। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एसआईआर के साथ ही दिल्ली विस्फोट की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

इसके साथ ही, उन्होंने वायु प्रदूषण, विदेश नीति, किसानों की स्थिति, महंगाई, बेरोजगारी और कुछ अन्य विषयों पर सत्र के दौरान चर्चा कराने का आग्रह किया। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रचंड जीत से उत्साहित केंद्र सरकार इस सत्र में 14 विधायक पेश कर सकती है। इस सर्वदलीय बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 50 नेता शामिल हुए। बैठक में सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह , स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, द्रमुक के तिरुचि शिवा और कई अन्य दलों के नेता बैठक में शामिल हुए। किरेन रीजीजू ने सर्वदलीय बैठक को सकारात्मक करार देते हुए कहा, ''बैठक में जो भी सुझाव आए हैं, उनको विचार के बाद बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में रखा जाएगा। कुल मिलाकर 36 दलों के 50 नेता शामिल हुए। सरकार की तरफ से आश्वासन देता हूं कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह से चलाने के लिए विपक्ष के साथ बातचीत करते रहेंगे। विपक्ष नेताओं से अनुरोध है कि संसद को अच्छी तरह से चलाने में सहयोग करें।'' रीजीजू का कहना था, ''लोकतंत्र, विशेष रूप से संसदीय लोकतंत्र में गतिरोध होते हैं, राजनीतिक दलों में मतभेद होते हैं। इसके बावजूद हम सब तय करें कि सदन में गतिरोध पैदा नहीं करना है और अपनी बात रखकर विरोध दर्ज कराना है, तो सदन चलेगा।'' उन्होंने एसआईआर के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''विपक्षी दलों में कई नेता है जो संसद चलाना व मुद्दे उठाना चाहते हैं। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि सभी विपक्षी दल एसआईआर का मुद्दा उठाकर संसद की कार्यवाही बाधित करना चाहते हैं।''

## 37 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 27 पर था 65 लाख रुपए का इनाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)/भाषा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से 27 पर कुल 65 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने यह जानकारी दी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव राय ने बताया कि 12 महिलाओं समेत इन नक्सलियों ने पूना मारगेम (पुनर्वास से सामाजिक एकीकरण तक) पहल के तहत पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्होंने कहा कि बस्तर रेंज के पुलिस द्वारा शुरू की गई यह पहल बस्तर क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए एक परिवर्तनकारी अभियान के रूप में उभर रही है। आत्मसमर्पण करने वालों में कुमाली उर्फ अनीता मंडावी, गीता उर्फ लक्ष्मी मड़कम, रंजन उर्फ सोमा मंडावी और भीमा उर्फ जहाज कलमू शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि इन सभी पर 8-8 लाख रुपए का इनाम था।

# महिंद्रा का अभी एसयूवी, इलेक्ट्रिक वाहन पर ध्यान देने का इरादा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** महिंद्रा एंड महिंद्रा घरेलू यात्री वाहन बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए प्रीमियम और अलग तरह की गाड़ियां पेश करने की अपनी रणनीति पर टिके रहने की योजना बना रही है। इनमें आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाली एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं। यह बात कंपनी के एक शीर्ष कार्यकारी ने कही है।

मुंबई की इस बड़ी वाहन कंपनी की अपने उत्पाद शृंखला में सीएनजी और दूसरी वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकी लाने की अभी कोई योजना नहीं है, क्योंकि वह अपनी मुख्य ब्रांड पहचान पर टिके रहना चाहती है और ऐसे ग्राहकों को लक्षित करना चाहती है, जो अलग तरह के उत्पाद चाहते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष – वाहन कारोबार आर वेलुसामी ने कहा, ''हमारा ध्यान आईसीई और इलेक्ट्रिक पर रहा है, और हम इन क्षेत्रों में काफी बढ़ रहे हैं। हमारे व्यक्तिगत वाहन पोर्टफोलियो में ग्राहक अलग तरह के उत्पाद चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी एसयूवी खंड पर खास ध्यान दे रही है और अगले चार साल में कई मॉडल लाने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी का बहुउद्देश्यीय वाहन (एमपीवी) खंड पर अभी ध्यान देने का कोई इरादा नहीं है। वेलुसामी ने बताया कि कंपनी परिचालन दक्षता और बेहतर प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिये घरेलू यात्री वाहन खंड में अपनी प्रतिस्पर्धी बढ़त को कायम रखने का इरादा रखती है। एसयूवी खंड अभी भी बढ़ रहा है और कंपनी अभी से 2029 के बीच और मॉडल लाने की योजना बना रही है।

# कर्नाटक में कांग्रेस की ‘खींचतान’ पर सिंधिया बोले, “कुछ छात्र सबक सीखने को तैयार ही नहीं होते”

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर (मप्र)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कथित खींचतान को लेकर कांग्रेस पर रविवार को निशाना साधा और कहा कि कुछ विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो जनता से सबक सीखने के लिए तैयार ही नहीं होते।

कर्नाटक में कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान की खबरों पर सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का परचम जनता ने पूरे देश में लहराया है। मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने भारत का चहुंमुखी विकास किया है और विश्व पटल पर देश की छवि को उभारा है। दूसरी तरफ, एक ऐसा दल (कांग्रेस) है जो अपनी सत्ता वाले प्रदेश में कुर्सी की लड़ाई में उलझ गया है।'' उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के 'अंदरूनी मामले' पर विस्तृत टिप्पणी नहीं करना चाहते। हालांकि, वह भाजपा के इस धुर प्रतिद्वंद्वी दल पर तंज कसने से नहीं चूके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''इस दल (कांग्रेस) के भविष्य के बारे में जनता ही निर्णय करती है और जनता बार-बार उन्हें सबक सिखाती है, पर कुछ विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो सबक सीखने के लिए तैयार ही नहीं होते।''

## ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को निशाना बनाने वाले फर्जी कॉल सेंटर पर हुई कार्रवाई, नौ गिरफ्तार

**हैदराबाद/भाषा।** हैदराबाद के साइबराबाद पुलिस ने ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को निशाना बनाकर कथित तौर पर एक 'अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर' चलाने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मामले में जांच के दौरान, यह पता चला कि मुख्य आरोपी प्रवीण और प्रकाश ने 'कॉल सेंटर' में काम करने के लिए कोलकाता से लोगों को बुलाया था।

साइबराबाद पुलिस द्वारा शनिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति के अनुसार, धोखेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को फोन किया और उन्हें झांसा देकर उनके बैंक खातों से बड़ी रकम ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीय नागरिकों के स्वामित्व वाले कई ऑस्ट्रेलियाई खातों में अंतरित कर दी। इसमें कहा गया है कि इसके बाद अवैध रूप से अर्जित किए गए धन को हवाला नेटवर्क, क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन व कई अन्य माध्यमों से भारत भेजा गया।

विज्ञप्ति के अनुसार, मामले के मुख्य आरोपियों ने इस फर्जी कॉल सेंटर को 2024 में स्थापित किया था। इन आरोपियों की पहचान तेलंगाना के खम्मम जिले के चचेरे भाइयों के रूप में हुई है।

# संसद अच्छी तरह चलनी चाहिए, विपक्षी दलों से बातचीत जारी रखेंगे: रीजीजू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह चलना चाहिए और सरकार दोनों सदनों में गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी।

सर्वदलीय बैठक के बाद उन्होंने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको ''ठंडे दिमाग से'' काम करना चाहिए। उन्होंने बैठक को सकारात्मक करार देते हुए कहा, ''बैठक में जो भी सुझाव आए हैं, उनको विचार के बाद बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में रखा जाएगा। कुल मिलाकर 36 दलों के 50 नेता शामिल हुए। सरकार की तरफ से आश्वासन देता हूं कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह से चलाने के लिए विपक्ष के साथ बातचीत करते रहेंगे। विपक्षी दलों के नेताओं से अनुरोध है कि संसद को अच्छी तरह से चलाने में सहयोग करें।''

रीजीजू ने कहा, ''लोकतंत्र, विशेष रूप से संसदीय लोकतंत्र में गतिरोध होता है, राजनीतिक दलों में मतभेद होते हैं। इसके बावजूद हम सब तय करें कि सदन में गतिरोध पैदा नहीं करना है और अपनी बात रखकर विरोध दर्ज कराना है, तो सदन चलेगा।'' उन्होंने एसआईआर के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''विपक्षी दलों में कई नेता हैं, जो संसद चलाना और मुद्दे उठाना चाहते हैं। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि सभी विपक्षी दल एसआईआर का मुद्दा उठाकर संसद की कार्यवाही बाधित करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कई मुद्दे रखे हैं, उनमें से एसआईआर भी एक है।

रीजीजू ने कहा, ''एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई, तो संसद नहीं चलने देंगे, ऐसा सब राजनीतिक दलों ने नहीं कहा है। किसी ने बाहर बयान दिया है, तो उसे सामूहिक बयान नहीं मानना चाहिए।''

# वाईएसआरसीपी ने आंध्र के मुख्यमंत्री पर क्षेत्रीय फूट डालने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नेल्लोर (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी(वाईएसआरसीपी) के वरिष्ठ नेता काकानी गोवर्धन रेड्डी ने रविवार को मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर राज्य में जारी जिलों के पुनर्गठन के जरिए किसानों और क्षेत्रों के बीच जानबूझकर दरार पैदा करने का आरोप लगाया।

गोवर्धन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू नेल्लोर जिले के गुडूर को लेकर किए गए अपने चुनावी वादे से पीछे हट गए हैं और जिले की सीमाओं को अव्यवस्थित तरीके से बदल रहे हैं जिससे मौजूदा प्रशासनिक ढांचे पर निर्भर किसानों में बेचैनी और असंतोष फैल गया है।

गोवर्धन रेड्डी ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, वाईएसआरसीपी ने नायडू को चेतावनी दी कि वे जिलों के पुनर्गठन के नाम पर किसानों और क्षेत्रों के बीच दरार पैदा न करें।

पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि तेलुगु देशम पार्टी(टीडीपी) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार स्थानीय कृषि जरूरतों पर विचार किए बिना जिलों का पुनर्गठन कर रही है और इससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच गंभीर तनाव पैदा हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को प्रशासनिक इकाइयों के रूप में मानकर जिलों का पुनर्गठन किया था और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अल्लूरी सीताराम राजू जिला बनाया था, जबकि वर्तमान सरकार का तरीका इससे बिल्कुल अलग है।

गोवर्धन रेड्डी ने सवाल उठाया कि नायडू अपनी इस प्रतिबद्धता से क्यों पीछे हट गए कि गुडूर को नेल्लोर जिले के भीतर ही रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि शुरू में नेल्लोर का हिस्सा रहे वेंकटगिरी, रापुर, कलुवायी और सैदापुरम मंडल अब जनता के प्रतिरोध के बावजूद तिरुपति में स्थानांतरित किए जा रहे हैं।

रेड्डी ने आरोप लगाया कि इन मंडलों को नेल्लोर जिले से अलग रखने से किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे विशेष रूप से जल-बंटवारे, सिंचाई समन्वय और समग्र प्रशासनिक पहुंच में बाधा उत्पन्न होगी और इस तरह के व्यवधानों के दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं।

# विमान परिचारिका से दुर्व्यवहार के आरोप में यात्री गिरफ्तार

**हैदराबाद/भाषा।** दुबई से हैदराबाद आ रही एक उड़ान में विमान परिचारिका के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक यात्री को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आरजीआई हवाई अड्डा पुलिस थाने के निरीक्षक कंकैया समपथी ने बताया कि चालक दल के सदस्य द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, केरल के रहने वाले यात्री ने शुक्रवार को उड़ान के दौरान परिचारिका को कथित तौर पर छुआ। अन्य मामलों के अलावा उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न का भी मामला दर्ज किया गया। आरोपी एक सॉफ्टवेयर कंपनी का कर्मचारी है।

पुलिस ने बताया कि चालक दल ने यह भी पाया कि यात्री (30) घटना के वक्त शराब के नशे में था। उसने बताया कि विमान के उतरने के बाद संबंधित अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। विमान उतरने के बाद, यात्री ने दावा किया कि उसका पासपोर्ट उसकी सीट पर ही गुम हो गया। जब कर्मियों ने उसे ढूंढ़ा, तो उन्हें एक नोट मिला जिसमें चालक दल के सदस्यों के लिए अश्लील और अपमानजनक टिप्पणियां लिखी थीं। निरीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), धारा 75 (यौन उत्पीड़न) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सोना फिर रिकॉर्ड ऊंचाई को छू सकता है, नजर पॉवेल के भाषण और आरबीआई नीति पर: विश्लेषक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विश्लेषकों के अनुसार सोने की कीमतें अगले सप्ताह मजबूती के साथ रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच सकती हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि निवेशकों का पूरा ध्यान अमेरिका के महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर टिका है।

जे एम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, सोना अब उस सीमित दायरे से बाहर निकल आया है जिसमें वह काफी दिनों से फंसा हुआ था। निवेशक दुनिया भर के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आंकड़ों, अमेरिका के रोजगार आंकड़ों और उपभोक्ताओं की मनोदशा पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, इन सबके अलावा सोमवार को फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल का भाषण, रूस-यूक्रेन शांति वार्ता में होने वाली प्रगति और शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक की नीति बैठक भी होगी। निवेशक इन सभी घटनाओं पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर फरवरी 2026 सोना वायदा भाव पिछले सप्ताह 3,654 रुपए यानी 2.9 प्रतिशत चढ़ा और शुक्रवार को 1,29,504 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ।

एंजल वन के वरिष्ठ शोध अधिकारी प्रथमेश माल्या ने कहा, भारत में रुपए की कमजोरी और स्थानीय मांग ने सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव को बहुत बढ़ाया है। त्योहार, शादियां और लगातार जारी आभूषणों की खरीदारी भारतीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतों को मजबूत सहारा दे रही है। माल्या ने आगे कहा कि दुनिया के केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिससे लंबी अवधि में सोने का परिदृश्य सकारात्मक बना रहेगा। उन्होंने कहा,पिछले कई सालों से केंद्रीय बैंक सोना जमा करते आ रहे हैं और यह सिलसिला 2026 में भी जारी रहेगा।

क्रांटेस रिसर्च के संस्थापक कार्तिक जोनागडला ने कहा, निवेशकों के लिए सोना सबसे सीधा और स्पष्ट तरीका है यह बताने का कि वे अमेरिका में वास्तविक ब्याज दरों के भविष्य को लेकर क्या सोचते हैं। उन्होंने आगे कहा, जब तक दिसंबर में ब्याज दर कटौती की मजबूत संभावना बनी हुई है, सोने-चांदी को लेकर रुझान हल्का सकारात्मक रहेगा। लेकिन अगर कोई आंकड़ा अचानक आया और दरें जल्द घटने की उम्मीद कमजोर हुई, तो हाल की तेजी पलट सकती है। इसलिए निवेश की सही मात्रा रखना और जोखिम से बचाव करना बहुत जरूरी है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन
**Change of Name**
I, **Y. Shingmei Phom**, service No. 15225793P, rank- L/NK of 327 FD Regt, C/o. 56 APO, F/o. Pongjei S. Toktha, age about 33 years, presently residing at H/No. 298 Aoyimti village, Dimapur Nagaland have changed my son's name from **S. Pongjei Phom** to **Pongjei S. Toktha** vide affidavit dated 25.11.2025 before district court Dimapur Nagaland

# पिता और भाइयों ने की प्रेमी की हत्या, महिला ने शव से कर लिया “विवाह”

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नांदेड़ (महाराष्ट्र)/भाषा।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में 21 वर्षीय युवती ने अपने पिता और दो भाइयों द्वारा उसके प्रेमी की कथित रूप से हत्या किए जाने के बाद अपने प्रेमी के शव से ही ''विवाह'' कर लिया। आंचल मामिडवार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं जिसमें वह अपने प्रेमी के घर में उसके शव से ''विवाह'' करती नजर आ रही है और हत्या के लिए अपने परिजन को फांसी दिए जाने की मांग कर रही है।

पुलिस के अनुसार, आंचल का प्रेमी सक्षम ताटे (20) बृहस्पतिवार शाम पुराने गंज क्षेत्र में अपने मित्रों के साथ खड़ा था, तभी उसके और आंचल के भाई हिमेश मामिडवार के बीच झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि हिमेश ने सक्षम पर कथित तौर पर गोली चलाई जो उसकी पसलियों के आर-पार निकल गई, इसके बाद उसने उसके सिर पर टाइल से वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि घटना के कुछ ही देर बाद हिमेश, उसका भाई साहिल (25) और पिता गजानन मामिडवार (45) को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार शाम जब सक्षम के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी, तभी आंचल वहां पहुंची। आंचल ने सक्षम के शव से ''विवाह'' कर लिया और दावा किया कि इससे उनका प्रेम ''अमर'' हो जाएगा।



कर्नाटक के बेंगलूरु के कब्बन पार्क में चल रहे फ्लावर शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# चक्रवात दित्वा' का बेंगलूरु में दिख रहा है असर

## 'शिमला' बना बेंगलूरु

बेंगलूरु। 'चक्रवात दित्वा' के प्रभाव से तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है जबकि वर्षा से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम कार्यालय ने कहा कि अगले 24 घंटों में चक्रवात के राज्य के उत्तरी हिस्सों के तटों और पड़ोसी पुडुचेरी के समानांतर बढ़ने की संभावना है। तमिलनाडु के कावेरी डेल्टा जिलों में भारी बारिश के कारण रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जिलों में भारी बारिश हुई है। इस चक्रवात दित्वा का असर बेंगलूरु शहर में शनिवार रात से देखने को मिला। मौसम के तापमान में एकदम गिरावट आ गई है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शिमला जैसा मौसम बेंगलूरु में होने की बात कही। उन्होंने रविवार को कहा कि आज शहर में मौसम हिल स्टेशन जैसा है। शिमला का मौसम बेंगलूरु में देखा जा सकता है। रिमझिम बारिश रविवार को सुबह से ही बेंगलूरु के सभी जगहों पर देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिन भी ऐसा मौसम देखा जा सकेगा।

शहर के मध्य भाग कब्बनपार्क में चल रही पुष्पप्रदर्शनी में बारिश के मौसम में रविवार को पुष्पप्रेमी इस प्रदर्शनी का आनंद लेते दिखे। ठंड के मौसम में स्वेटर, शॉल ओढाकर लोगों ने प्रदर्शनी का आनन्द लिया।



# शिवकुमार ने सिद्दरामय्या के साथ मतभेद से किया इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के साथ आंतरिक मतभेद की खबरों को उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने रविवार को एक बार फिर खारिज कर दिया और कहा कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच वह कभी भी किसी विधायक को दिल्ली नहीं ले गए। शनिवार को दोनों नेताओं ने नाश्ते पर एक बैठक की, जिसके बाद उन्होंने एकजुटता दिखाई और अपने बीच किसी भी मतभेद से इनकार किया। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारे बीच कभी मतभेद नहीं रहे। मैं जब भी दिल्ली गया, एक भी विधायक नहीं ले गया। मैं कम से कम 10 से 12 विधायक ले जा सकता था। इससे किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते वह सभी पार्टी सदस्यों के लिए ''पितातुल्य'' हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''मुझे सभी को साथ लेकर चलना है। सभी 140 विधायक मेरे प्रिय हैं। मैं कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं करता। मेरा किसी के साथ कोई मतभेद नहीं हैं।'' मई 2018 से एक साल तक मुख्यमंत्री रहे एच.डी. कुमारस्वामी के कार्यकाल के दौरान अपने प्रयासों को याद करते हुए उन्होंने कहा, ''मैंने कांग्रेस और जद(एस) की गठबंधन सरकार को बचाने की पूरी कोशिश की। यह बात मैं और भगवान दोनों जानते हैं।'' उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी और उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा भी इस बात को जानते हैं।



कुमारस्वामी के इस आरोप का जवाब देते हुए कि शिवकुमार ने सत्ता के लिए रस्साकशी के बीच मठाधीशों का समर्थन मांगा था, उन्होंने कहा, मैंने इसके लिए कभी नहीं कहा। मैं सभी जातियों से प्यार करता हूं। कई संतों ने मेरे पक्ष में बोला था। क्या मैंने उनसे मेरी ओर से बोलने के लिए कहा था? नहीं। यह उनका मुझ पर प्यार और विश्वास है। क्या मुझे इसे गलत कहना चाहिए?

शिवकुमार ने कहा, ''उन्हें (कुमारस्वामी) जो कहना है कहने दीजिए, लेकिन मुझे कोई ठेस नहीं पहुंचेगी। मैं कभी पीठ पीछे वार नहीं करता। मैं आगे बढ़कर लड़ता हूं।'' नेतृत्व विवाद को लेकर भाजपा द्वारा की जा रही आलोचना पर उन्होंने कहा, ''भाजपा अपने अस्तित्व के लिए कुछ भी कह सकती है। क्या हमें उन्हें गंभीरता से लेना चाहिए?'' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह एक दिसंबर से शुरू हो रहे संसद सत्र के मद्देनजर, किसानों के मुद्दे और मेकेदातु संतुलन जलाशय परियोजना सहित राज्य से जुड़े कई मुद्दों को उठाने के लिए दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक बुलाना चाहते हैं।



# जाने-माने कन्नड़ अभिनेता उमेश का निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जाने-माने कन्नड़ अभिनेता मैसूर श्रीकांतैया उमेश का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। परिजनों ने बताया कि अभिनेता लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे और उन्हें हाल में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बनशंकरी श्मशान घाट पर किया गया। अभिनेता ने पांच दशक से भी अधिक समय के अपने करियर में 350 से अधिक फिल्मों में काम किया।

मैसूरु में 24 अप्रैल 1945 को जन्मे उमेश ने चार साल की उम्र में मास्टर के. हिरणय्या के रंगमंच समूह के 'लंचवतार' नाटक में अभिनय करके अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। बाद में वे गुब्बी वीरन्ना के रंगमंच समूह में शामिल हो गए। उमेश को 1960 में फिल्म उद्योग में एक बड़ा मौका तब मिला जब उन्हें फिल्म 'मक्कल राज्य' में मुख्य भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हुआ्। उन्होंने नागराहोले (1978), गुरु शिष्यारु (1981), अनुपमा (1981), कामना बिल्लू (1983) और वेंकट इन संकट (2007) जैसी फिल्मों में अभिनय किया।

बहुमुखी अभिनेता उमेश को 1975 में 'कथा संगम' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार और 2013 में रंगमंच में उनके योगदान के लिए कर्नाटक नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और जनता दल के नेता एवं केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने उमेश के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

# भावुक विदाई : चालक को कर्नाटक विवि के कुलसचिव ने स्वयं कार चलाकर घर पहुंचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धारवाड़। कर्नाटक विश्वविद्यालय में 23 साल तक कुलपतियों और कुलसचिवों की सेवा करने वाले चालक रुद्रप्पा की सेवानिवृत्ति का दिन यादगार बन गया, जब कुलसचिव (मूल्यांकन) निजलिंगप्पा मटिहाल ने खुद उनकी गाड़ी चलाकर उन्हें और उनके परिवार को घर पहुंचाया। रुद्रप्पा को शुरू में पूर्व कुलसचिव रजनीश गोयल के कार्यकाल के दौरान अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया था। बाद में उन्होंने पूर्व कुलपतियों ए एम पठान, एम खाजापीर, एस के सैदापुर, एच बी वालिकर और कार्यवाहक कुलपति ए मुरीगप्पा के आधिकारिक चालक के रूप में काम किया।

उन्होंने लगभग आठ वर्षों तक कई कुलसचिवों के लिए चालक के रूप में भी काम किया, जिनमें निजलिंगप्पा मटिहाल भी शामिल थे। मटिहाल ने रुद्रप्पा के समर्पण और कड़ी मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें घर तक पहुंचाया। रुद्रप्पा 22 वर्ष नौ महीने की सेवा के बाद 29 नवंबर को अपराह्न तीन बजे आधिकारिक रूप से सेवानिवृत्त हो गये।

रुद्रप्पा ने कहा, यह मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने पांच कुलपतियों और छह कुलसचिवों (मूल्यांकन) के साथ काम किया। रुद्रप्पा ने कहा कि उन्होंने जिन अधिकारियों के साथ काम किया, उनमें से प्रत्येक ने उनके साथ बहुत गर्मजोशी, स्नेह और सम्मान के साथ व्यवहार किया।

# जंगल किनारे घूमते दिखी बाघिन

मैसूरु। कर्नाटक के मैसूरु में जंगल किनारे घूमते दिखी बाघिन और उसके चार शावकों को वन विभाग ने पकड़ लिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि यह वही बाघिन है जिसने करीब दो साल पहले दो साल के एक बच्चे को कथित तौर पर मार डाला था। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन और उसके शावकों को हुंसुर तालुक के गौदानकट्टे गांव के बाहरी इलाके में पकड़ा गया।

वन विभाग के मुताबिक, बाघिन को सबसे पहले जंगल की सीमा के बाहर घूमते हुए देखा गया था और बाद में 28 नवंबर को मक्के के खेत में देखा गया। बार-बार उन्हें देखे जाने के बाद वहां रहने वाले लोग डर गए थे। चार दिन पहले दो किसान एक हमले में बाल-बाल बच गए थे, जिसके बाद विभाग ने अभियान तेज कर दिया था। विभाग ने बताया कि करीब छह महीने की उम्र के उसके चार शावक रविवार सुबह दिखे और उन्हें पकड़ लिया गया।

# यौन उत्पीड़न मामला : विधायक ममकूटाथिल के पलक्कड़ स्थित अपार्टमेंट की ली गई तलाशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पलक्कड़/भाषा। एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे कांग्रेस के निलंबित विधायक राहुल ममकूटाथिल के अपार्टमेंट की रविवार को तलाशी ली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की दो टीम सुबह से ही कुनाथुरमेडु स्थित उनके अपार्टमेंट में साक्ष्य जुटाने के लिए तलाशी ले रही हैं। पीड़िता ने 28 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने कहा था कि मई महीने के अंतिम सप्ताह में उक्त अपार्टमेंट में दो दिनों तक ममकूटाथिल ने कथित तौर पर उससे दुष्कर्म किया था। उस वक्त वह गर्भवती थी।

पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता के इस बयान की पुष्टि के लिए कि वह उस स्थान पर गई थी और जांच के तहत अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे की तस्वीरें उसने बरामद की है।

अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान विभिन्न दस्तावेजों की भी जांच की गई। पुलिस के पहुंचने पर ममकूटाथिल के कर्मचारी अपार्टमेंट में मौजूद थे। विधायक के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है। उन्होंने तिरुवनंतपुरम जिला एवं प्रधान सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होने की उम्मीद है।

ममकूटाथिल के अलावा, उसके मित्र जोबी जोसेफ को भी प्राथमिकी में नामजद किया गया है और फिलहाल वह भी फरार है। जोसेफ ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को गर्भपात कराने के लिए 30 मई को कार के अंदर गोलियां दी थीं।

# 'चक्रवात दित्वा' के कारण तमिलनाडु में होगी और बारिश, तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। 'चक्रवात दित्वा' के प्रभाव से तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है जबकि वर्षा से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम कार्यालय ने कहा कि अगले 24 घंटों में चक्रवात के राज्य के उत्तरी हिस्सों के तटों और पड़ोसी पुडुचेरी के समानांतर बढ़ने की संभावना है। तमिलनाडु के कावेरी डेल्टा जिलों में भारी बारिश के कारण रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जिलों में भारी बारिश हुई है।

तटीय शहरों रामेश्वरम और नागपट्टिनम में जनजीवन प्रभावित रहा क्योंकि भारी बारिश के कारण कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। क्षेत्रीय मौसम विभाग के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, चक्रवात 7 किमी प्रति घंटे की गति से लगभग उत्तर की ओर बढ़ गया है और यह कुड्डालोर से लगभग 100 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व, कराईकल से 100 किमी उत्तरपूर्व, पुडुचेरी से 110 किमी दक्षिणपूर्व, वेदारण्यम से 140 किमी उत्तरपूर्व, पुडुचेरी से 160 किमी दक्षिणपूर्व और चेन्नई से 180 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित है। मौसम विभाग द्वारा रविवार दोपहर जारी बुलेटिन में कहा गया है कि उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों से चक्रवात के केंद्र की न्यूनतम दूरी लगभग 70 किमी है।

बुलेटिन में कहा गया है, अगले 24 घंटों के दौरान इसके उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के समानांतर उत्तर की ओर बढ़ने की प्रबल संभावना है। उत्तर की ओर बढ़ते हुए, चक्रवाती तूफान 30 नवंबर तक दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर न्यूनतम 60 किमी और तमिलनाडु-पुडुचेरी तटरेखा से 30 किमी की दूरी पर केंद्रित होगा। चक्रवात के प्रभाव के कारण, अगले 24 घंटों में कुड्डालोर, नागापट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू, पुदुक्कोट्टई, तंजावुर, तिरुवरूर, अरियालुर, पेरम्बलुर, तिरुचिरापल्ली, चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और रानीपेट जिलों तथा पुडुचेरी और कराईकल में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

उत्तरी तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी में 60-70 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएं चलने की संभावना है, जो बढ़कर 80 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि समुद्र का मौसम खराब रहने की आशंका है और 1 दिसंबर की सुबह तक इसमें धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री के. के. एस. एस. आर. रामचंद्रन ने बताया कि राज्य सरकार ने राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) सहित 38 आपदा प्रतिक्रिया टीम को मुस्तैद रखा है।

अन्य राज्यों की 10 और टीम शनिवार शाम राहत एवं पुनर्वास कार्य में जुट गईं। उन्होंने बताया कि 'चक्रवात दित्वा' के कारण हुई बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है। मंत्री ने बताया कि डेल्टा जिलों में 149 मवेशियों की मौत हो गई और 57,000 हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई है।

# संसद में विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी के लिए समयसीमा तय करने की मांग करेंगे : द्रमुक

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने शनिवार को कहा कि वह संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी के लिए समयसीमा तय करने की मांग उठाएगी। पार्टी ने कहा कि इसके अलावा वह सदन में कलैगनार विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति से तत्काल मंजूरी दिलाने की मांग करेगी। द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की अध्यक्षता में यहां सांसदों की एक बैठक में पार्टी ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया। द्रमुक ने कहा कि वह विधानसभा से पारित विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी के लिए समय सीमा निर्धारित करने की अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखेगी।





## क्रिसमस ट्री

बेंगलूरु के एयरपोर्ट रोड स्थित फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया में 75 फीट ऊंचे क्रिसमस ट्री को रोशन करते समय आतिशबाजी का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। सेलिब्रिटी टीम रणविजय सिंह, प्रिंस नरूला, प्रियांक शर्मा, राजीव लक्ष्मण, अरुण शर्मा के साथ अतुल रुइया, अध्यक्ष, द फीनिक्स मिल्स लिमिटेड, गजेंद्र सिंह राठौर, अध्यक्ष मॉल दक्षिण, द फीनिक्स मिल्स लिमिटेड और रितु मेहता, केंद्र निदेशक फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया और मार्केटिंग निदेशक दक्षिण, ने फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया में रविवार को रोशन किया क्योंकि वे 75 फीट क्रिसमस ट्री के भव्य अनावरण के लिए दर्शकों में शामिल हुए।



# ‘मन की बात’ प्रधानमंत्री के देशवासियों से आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ‘मन की बात’ कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर कैंप कार्यालय में आमजन के साथ ‘मन की बात’ कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि क्षेत्र में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है। मोदी ने कहा कि देश में डेढ़ लाख मीट्रिक टन से भी ज्यादा शहद का उत्पादन हो रहा है और शहद का निर्यात भी तीन गुना से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने देश के विभिन्न इलाकों में स्थानीय लोगों एवं संस्थाओं द्वारा शहद उत्पादन की भी चर्चा की। उन्होंने कोयम्बटूर में आयोजित विशाल नैचुरल फार्मिंग सम्मेलन को भारत की प्राचीन परंपराओं का हिस्सा बताते हुए इसे निरंतर बढ़ावा देने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि देशवासियों की ओर से उन्होंने विश्व के नेताओं को जो उपहार भेंट किए, उसमें वोकल फॉर लोकल की भावना का विशेष ध्यान रखा। मोदी ने बताया कि उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री को चांदी के अश्व की प्रतिकृति भेंट की जो राजस्थान के उदयपुर की बेहतरीन शिल्पकला को दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देश के करोड़ों लोगों ने अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महाभारत अनुभव केंद्र में 3डी लाइट एण्ड साउण्ड शो के माध्यम से महाभारत की गाथा के प्रस्तुतीकरण के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में यूरोप और मध्य एशिया सहित विश्व के कई देशों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मोदी ने काशी के नमो घाट पर आयोजित होने वाले चौथे काशी-तमिल संगमम में अधिक से अधिक भागीदारी कर ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ की भावना मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा आईसीसी महिला विश्व कप, महिला कबड्डी खिलाड़ियों द्वारा कबड्डी वर्ल्ड कप तथा महिला टीम द्वारा ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतना ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने डेफलिम्पिक्स तथा वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल में भी भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भरपूर सराहना की।

मोदी ने कहा कि 4 दिसम्बर को मनाया जाने वाला नौसेना दिवस हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम को सम्मान देने का एक खास दिन है। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न स्थानों पर नौसेना से संबंधित संग्रहालय है जहां नौसेना के इतिहास के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने आईएनएस ‘माहे’ को भारतीय नौसेना में शामिल करने, हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ फैसिलिटी शुरू होने तथा स्काईरूट स्टार्टअप के इन्फिनिटी कैम्पस की स्थापना को भारत की नई सोच, इनोवेशन और युवा शक्ति का प्रतिबिम्ब बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कई देशों में विन्टर टूरिज्म अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में भी उत्तराखण्ड जैसे राज्यों में इसकी अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि हिमालय की वादियां एडवेन्चर्स गेम्स और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए प्रसिद्ध हो रही हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश की गौरवशाली उपलब्धियों के बारे में हमें बताते हैं। वे हमेशा स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के साथ ही देशवासियों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रबल करते हैं।

# झुंझुनू में बदमाशों ने कार कार्यशाला में आग लगाई, 18 गाड़ियां जलकर खाक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के झुंझुनू जिले में अज्ञात बदमाशों ने एक कार कार्यशाला में कथित तौर पर आग लगा दी, जिससे 18 कारें जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कार्यशाला मालिक और एक अन्य समूह के बीच भूमि विवाद घटना का कारण हो सकता है। उसने बताया कि यह घटना शनिवार रात को चुरू बाईपास रोड पर हुई। इससे ईंधन टैंकों में विस्फोट हो गया और क्षेत्र में धुएं का घना गुबार फैल गया। पुलिस के मुताबिक दमकल गाड़ियां, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की। उसने बताया कि इस दौरान घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी।

कार कार्यशाला के मालिक नासिर ने बताया कि वह शाम को दुकान बंद करके घर लौट आए थे, रात में पड़ोसियों ने फोन करके बताया कि कार्यशाला से आग की लपटें उठ रही हैं। जब मैं पहुंचा तो सब कुछ जल चुका था। उन्होंने बताया कि सभी कार आग की चपेट में आ गईं और एक के बाद एक कई धमाके हुए।

पुलिस ने बताया कि वाहनों के अंदर ईंधन के कई टैंक फटने से आग और भड़क गई। उन्होंने बताया कि तीन दमकल गाड़ियों की मदद से करीब 90 मिनट में आग पर काबू पाया गया। कोतवाली थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक लैब की टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि नासिर और अनिल कुमावत नामक व्यक्ति सहित एक समूह के बीच जमीन को विवाद था। उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया था।

# पुलिस ने आयकर रिफंड के नाम पर ठगी को लेकर आगाह किया

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने की पहल के तहत लोगों को ’आयकर रिफंड’ के नाम पर ठगी को लेकर आगाह किया है। पुलिस ने इस बारे में परामर्श जारी किया है।

इसमें कहा गया है, साइबर अपराधी इन दिनों आयकर रिफंड का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। यह धोखाधड़ी मुख्य रूप से एसएमएस और ईमेल के माध्यम से की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध) विजय कुमार सिंह ने बताया, साइबर ठग खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताते हैं और पीड़ित को संदेश भेजते हैं कि वे एक बड़ी ’रिफंड’ राशि के हकदार हैं। इस राशि को खाते में जमा करने के बहाने वे अत्यंत संवेदनशील वित्तीय जानकारी जैसे बैंक खाते का विवरण, क्रेडिट/डेबिट कार्ड नंबर, सीवीवी और ओटीपी की मांग करते हैं।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा वे एक ‘फिशिंग लिंक’ भी भेजते हैं जिस पर क्लिक करके यह जानकारी भरने को कहा जाता है। सिंह ने स्पष्ट किया है कि आयकर विभाग आमतौर पर रिफंड के लिए ये विवरण सीधे नहीं मांगता, क्योंकि यह जानकारी पहले ही आईटीआर में दर्ज होती है।

# धौलपुर में एसआईआर डेटा अपलोड करते समय बीएलओ की मौत

जयपुर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे 42 वर्षीय बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की अपने घर पर अचानक गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अनुज गर्ग शनिवार देर रात मतदाता डेटा अपलोड करते समय बेहोश हो गए। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि वह अत्यधिक दबाव में काम कर रहे थे। अनुज धौलपुर शहर के गौशाला सेक्टर में बीएलओ के पद पर तैनात थे। पुलिस ने बताया कि प्रताप विहार कॉलोनी स्थित अपने घर में चाय मांगने के कुछ ही मिनट बाद वह जमीन पर गिर पड़े। अनुज की बहन वंदना गर्ग ने बताया कि अनुज काम के बोझ के कारण हर रात देर तक काम करते थे। उन्होंने कहा, उस रात भी वह मतदाता फ़ॉर्म अपलोड कर रहे थे। उन्होंने चाय मांगी, लेकिन पीने से पहले ही वह बेहोश हो गए।

वंदना ने बताया कि परिवार अनुज को जिला अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह निहालगंज पुलिस और जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिंह बयान दर्ज करने के लिए अनुज के घर गए। बाद में पोस्टमॉर्टम किया गया। अनुज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बारां में शिक्षक थे और 2012 में सेवा में शामिल हुए थे।



# ट्रक-कार की भिड़ंत, 3 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर में रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर रतनपुरा के पास एक ट्रक और इको कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि इको कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सीओ जमवारामगढ़ मुकेश जोशी के अनुसार, दोपहर करीब 1:30 बजे मनोहरपुर से दौसा की ओर जा रहा ट्रक ओवरटेक करते समय सामने से आ रही इको कार से टकरा गया। तेज रफ्तार के कारण टक्कर बेहद भीषण हो गई और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। दोनों फ्रंट सीटें टूटकर बिखर गईं। कार के अंदर खून फैल गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।

इको कार में 9 लोग सवार थे। टक्कर के बाद कई यात्री कार में फंस गए। सूचना मिलते ही रायसर और मनोहरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को एम्बुलेंस से निम्स हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। बाकी चार घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को क्रेन से हटवाकर सड़क को लगभग आधे घंटे बाद चालू कराया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बन गई थी।

# राजस्थान में बाबरी विध्वंस दिवस पर ‘शौर्य दिवस’ मनाने का आदेश, मंत्री ने 12 घंटे में क्यों कर दिया रद्द

जयपुर। राजस्थान शिक्षा विभाग ने हाल ही में 6 दिसंबर को ’शौर्य दिवस’ के रूप में मनाने का एक आदेश जारी किया था। 6 दिसंबर बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी की तारीख है। यह आदेश शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर दिया गया था। इसमें सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 6 दिसंबर को छात्रों और कर्मचारियों के बीच देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा गया था। इन कार्यक्रमों में राम मंदिर आंदोलन और भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिताएं, देशभक्ति गीत, और योग शामिल थे। हालांकि आदेश जारी होने के 12 घंटे के अंदर अब इसे रद्द कर दिया गया है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आदेश वापस लेने का कारण यह बताया कि स्कूलों में 5 और 6 दिसंबर के आसपास परीक्षाएं चल रही हैं, जिसके चलते कोई अन्य गतिविधि या कार्यक्रम आयोजित करना संभव नहीं है। इसलिए, ’शौर्य दिवस’ के कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। मंत्री ने शौर्य दिवस मनाने के आदेश पर सफाई देते हुए कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन के बारे में जानने से छात्रों को प्रेरणा मिलेगी और उनमें देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा होगी। यह बच्चों में राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में सहायक होगा। इसके तहत स्कूलों को भारतीय संस्कृति और राम मंदिर आंदोलन पर भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अयोध्या राम मंदिर पर आधारित चित्रकला और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए कहा गया था। देशभक्ति के गाने, लोक नृत्य और ऐतिहासिक या पौराणिक प्रसंगों पर नाटक भी प्रस्तावित थे। मदन दिलावर ने इससे पहले भी कई विवादास्पद आदेश और बयान जारी कर चुके हैं। उन्होंने मदरसों सहित सभी स्कूलों में ’वंदे मातरम’ गाना अनिवार्य करने का आदेश दिया था, जिसकी अल्पसंख्यक समूहों ने कड़ी आलोचना की थी। इसके अलावा वह कई बार मुगल शासक अकबर को ’अत्याचारी’ बताकर पिछली कांग्रेस सरकार पर इतिहास में अकबर का महिमामंडन करने का आरोप लगा चुके हैं।



# वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन में 15 हजार से अधिक लोगों ने लिया भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन (वीपीसीएचएम) के 10वें संस्करण में रविवार को 15 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। वेदांता लिमिटेड की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कैप्टन और वीपीसीएचएम 2025 की इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर हरमनप्रीत कौर ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया।वेदांता के माध्यम से नंद घर के बच्चों के लिए एक लाख पौष्टिक भोजन पैकेट जुटाए गए। यह नंद घर पहल वेदांता की प्रमुख सामाजिक परियोजना है, जो देशभर में आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर बच्चों के स्वस्थ और पोषित भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करती है। इस पहल के तहत प्रतिभागियों द्वारा दौड़े गए प्रत्येक किलोमीटर को नंद घर के बच्चों के लिए एक ’पोषण पैक’ या न्यूट्रिशन सप्लीमेंट में परिवर्तित किया गया।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से विकसित नंद घर परियोजना बच्चों के लिए पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक बाल शिक्षा प्रदान करती है वहीं महिलाओं को कौशल विकास और उद्यमिता के अवसर भी उपलब्ध कराती है।

16 राज्यों में 10 हजार से अधिक नंद घर संचालित है। इस अवसर पर प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि एक स्वस्थ भारत के लिए जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। आज का दिन इसलिए विशेष है क्योंकि हर धावक द्वारा उठाया गया हर कदम एक बच्चे के पोषण में योगदान देता है। राजस्थान हमारे नंद घर मिशन का केंद्र है, और हम राज्य में 25 हजार नंद घर विकसित करने के लक्ष्य के साथ इसे और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि प्रत्येक बच्चे और प्रत्येक महिला को पोषण, शिक्षा और अवसर प्राप्त हो सके।

हरमनप्रीत कौर ने कहा हजारों लोगों को सिफर फिटनेस के लिए नहीं बल्कि एक ऐसे उद्देश्य के लिए दौड़ते देखना बेहद प्रेरणादायक है जो पूरे भारत के नंद घरों में बच्चों के जीवन को छूता है। जब खेल एक सकारात्मक परिवर्तन की शक्ति बन जाता है, तो उसकी प्रभावशीलता और बढ़ जाती है। मैं वेदांता ङ्खपक सिटी हाफ मैराथन का हिस्सा बनकर और अभियान का समर्थन करके गर्व महसूस करती हूँ।

मैराथन में 21 किलोमीटर पुरुष वर्ग में बबलू सिसोदिया विजेता रहे जबकि वर्सीराम द्वितीय और योगेश तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह महिला वर्ग में उजाला विजेता रही, जबकि कुमारी पारुल द्वितीय और भूमि नेगी तीसरे स्थान रही। 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में पवन कुमार विजेता रहे जबकि हुकुम सिंह द्वितीय और संकेत कादयान तीसरे स्थान रहे। महिला वर्ग में सलोनी पहले और उषा शर्मा दूसरे जबकि ममता चौधरी तीसरे स्थान रही। इस अवसर विजेता धावकों ने बताया कि वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन दौडऩा सच में एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव था।

# एसआईआर अवधि बढ़ाने के फैसले पर बोले सचिन पायलट-निर्णय देर से सही, लेकिन जरूरी था

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



टोंक। टोंक विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के दौरे पर पहुंचे सचिन पायलट ने निर्वाचन आयोग द्वारा की समय-सीमा 7 दिन बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया, लेकिन इसे बहुत देर से लिया गया कदम बताया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों और अधिकारियों को कुछ राहत जरूर मिलेगी, क्योंकि मौजूदा व्यवस्थाओं में कर्मचारियों पर भारी दबाव था।

पायलट ने केंद्र सरकार के कई निर्णयों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के समय बार-बार नियम बदले गए, ऋख्ढ लागू करने के आठ साल बाद उसमें संशोधन करने पड़े, और कांग्रेस द्वारा उठाई गई जातिगत जनगणना की मांग को पहले खारिज कर ‘अर्बन नक्सली’ कहा गया, जबकि अब वही मांग केंद्र मान रहा है। उन्होंने कहा, जब हमने कहा कि ङ्खख्ठ अवधि कम है, तब इसे अनसुना किया गया। अब जब दबाव बढ़ा, और जगह-जगह से कर्मचारियों के आत्महत्या करने तक की खबरें आईं, तब जाकर समय बढ़ाया गया। यह फैसला बहुत पहले होना चाहिए था।

पायलट ने उम्मीद जताई कि अब बढ़ी हुई अवधि का उपयोग करते हुए एक भी मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए अधिकारी और कर्मचारी पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी तरह का पक्षपात संविधान की मूल भावना के विपरीत है, और आयोग को हर स्तर पर निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए।

# कोटा में शिव परिवार की मूर्ति खंडित करने पर बवाल, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में कोटा शहर के शॉपिंग सेंटर इलाके में स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में मूर्तियों के खंडित होने की खबर फैलने के बाद तनाव की स्थिति बन गई। स्थानीय व्यापारियों में गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर कोटा दक्षिण से विधायक संदीप शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। रविवार सुबह जैसे ही पिपलेश्वर महादेव मंदिर की मूर्तियों को खंडित करने और पोशाक जलाने की खबर फैली, बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क पर धरना दिया और रोड जाम कर दिया। व्यापारियों का कहना था कि असामाजिक तत्वों ने मंदिर में तोड़फोड़ की है और यह धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने वाली घटना है। वे चाहते हैं कि पुलिस तुरंत कार्रवाई करे और दोषियों को पकड़ा जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी दिलीप सैनी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी जानकारी ली। इसके बाद विधायक संदीप शर्मा भी पहुंचे और पुलिस-प्रशासन से घटना के संबंध में जानकारी ली। मीडिया से बातचीत में विधायक ने बताया कि जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे। यहां आए तो देखा कि बजरंग दल के लोग धरने पर बैठे हैं और स्थिति तनावपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों से इस संबंध में बातचीत के बाद पता चला कि सीसीटीवी फुटेज में दो-तीन दिन से एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति मंदिर के आसपास दिखाई दे रहा था। पुलिस का कहना है कि उसके मानसिक हालात ठीक नहीं हैं और संभव है कि उसने बिना किसी साजिश के यह कदम उठाया हो।

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि मामला किसी साजिश के तहत हुआ या नहीं? इसका खुलासा जरूरी है। उन्होंने कहा कि दोषी व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उससे पूछताछ की जाए ताकि घटना के कारण सामने आ सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह से लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं होने देना चाहिए और पुलिस प्रशासन को इस बात का खास ध्यान रखना होगा।

# न्यायाधीश बदलने पर फैसला रद्द नहीं किया जाना चाहिए: न्यायमूर्ति नागरत्ना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि फैसलों को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें लिखने वाले न्यायाधीश बदल गए हैं या पद छोड़ चुके हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत की बाद की पीठों द्वारा फैसलों को पलटने की हाल की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

न्यायमूर्ति नागरत्ना शनिवार को हरियाणा के सोनीपत में ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता की विकसित समझ यह अपेक्षा करती है कि हमारा विधिक तंत्र यह आश्वासन दे कि किसी न्यायाधीश द्वारा दिया गया फैसला समय की कसौटी पर कायम रहे, क्योंकि वह स्याही से लिखा जाता है, रेत पर नहीं। कानूनी बिरादरी और प्रशासनिक ढांचे के सभी प्रतिभागियों का यह कर्तव्य है कि वे किसी निर्णय का सम्मान करें, केवल कानून में निहित परंपराओं के अनुसार ही आपत्तियां उठाएं और केवल इसलिए उसे खारिज न करें, क्योंकि चेहरे बदल गए हैं। शीर्ष अदालत ने मई में पारित अपने उस आदेश को इस महीने की शुरुआत में वापस ले लिया था, जिसमें



विकास परियोजनाओं के लिए पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी पर रोक लगा दी गई थी। भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 28 नवंबर को एक बिल्डर एसोसिएशन की समीक्षा याचिका को स्वीकार कर लिया और विभिन्न परियोजनाओं के लिए पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरी पर प्रतिबंध हटा दिया। इसी तरह, सितंबर में शीर्ष अदालत ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के माध्यम से भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) का अधिग्रहण करने के लिए स्टील प्रमुख जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड की 19,000 करोड़ रुपए से अधिक की बोली को बरकरार रखा, और मई के अपने आदेश को पलट दिया, जिसमें कंपनी के परिशोधन का निर्देश दिया गया था। वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में एकमात्र महिला न्यायाधीश, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि न्यायपालिका देश के शासन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा, ''उदारीकृत नियमों, व्यापक शक्तियों और विविध उपचारों के साथ, न्यायालय को अक्सर भारतीयों के भविष्य से संबंधित प्रश्नों की एक पूरी शृंखला पर निर्णय लेने के लिए कहा जाता है। आज न्यायपालिका को यह दायित्व निभाने वाला संस्थान माना जाता है कि कानून के शासन का पालन हर स्थिति में सुनिश्चित किया जाए, जब-जब उसका उल्लंघन हो।''

## बीएसएफ जवान की राइफल से दुर्घटनावश चली गोली, बांग्लादेशी तस्कर मारा गया

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में मटियारी सीमा चौकी के पास बदमाशों के हमले के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से एक बांग्लादेशी तस्कर मारा गया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह घटना शनिवार दोपहर को हुई, जब 32वीं बटालियन के एक जवान ने देखा कि कुछ भारतीय तस्कर बाड़ के पार प्लास्टिक के बंडल फेंक रहे हैं और बांग्लादेशी तस्कर उन्हें इकट्ठा कर रहे हैं। बयान के अनुसार, बीएसएफ जवान ने उन्हें चुनौती दी, जिसके बाद भारतीय तस्कर भाग गए, लेकिन बांग्लादेशी, जिनमें से कुछ सीमा के इस तरफ थे, ने जवान पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

हाथापाई के दौरान, जवान की राइफल से दुर्घटनावश एक गोली चल गई जो एक बांग्लादेशी तस्कर को जा लगी, जिससे वह जमीन पर गिर गया, जबकि बाकी तस्कर 96 कफ सिरप की बोतलें, दो विदेशी शराब की बोतलें और कांटेदार तार काटने वाला एक कटर छोड़कर भाग गए। बयान में कहा गया है कि घायल बांग्लादेशी तस्कर को कृष्णागंज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव और जब्त की गई वस्तुओं को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए राज्य पुलिस को सौंप दिया गया और स्थानीय पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## ओडिशा के नयागढ़ में अवैध हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

ओडिशा के नयागढ़ में अवैध हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

भुवनेश्वर/भाषा। ओडिशा के नयागढ़ जिले में पुलिस ने एक अवैध हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नयागढ़ की पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस सुश्री ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर जिले के रानपुर पुलिस थाने की एक टीम ने शनिवार शाम गोदीपाड़ा गांव में एक घर में छापा मारा और अवैध हथियार निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया। पुलिस के अनुसार, दो आरोपी देशी बंदूकें बनाने और रखने में संलिप्त थे। सुश्री ने बताया कि आरोपियों के पास से दो देशी बंदूकें और हथियार निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामान तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान तूफान नायक (21) और प्रशांत बिस्वाल (45) के रूप में की गई है। दोनों नयागढ़ जिले के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि आरोपी पहले भी अवैध हथियारों के एक मामले में संलिप्त पाए गए थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

## खेलो इंडिया मंच वैश्विक सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण रहा है: अदिति स्वामी



**जयपुर/भाषा।** विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी का मानना है कि खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) जैसे टूर्नामेंट किसी खिलाड़ी के पेशेवर विकास और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

अदिति विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय और दुनिया की सबसे कम उम्र की कंपाउंड तीरंदाज हैं। उन्होंने एक तीरंदाज के रूप में अपने प्रदर्शन का श्रेय खेलो इंडिया पहल को दिया और कहा कि यही वह मंच था जिसने उन्हें पहचान दिलाई और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं को समझने और उनमें ढलने का मौका दिया।

इस 19 साल की तीरंदाज ने कहा, ''टॉप्स के लिए चुने जाने से पहले चीजें काफी मुश्किल थी। खान-पान, जिम और प्रशिक्षण का खर्च काफी अधिक था। मेरे पिता ने मेरे खेल के सफर में साथ देने के लिए बहुत त्याग किए। खेलो इंडिया योजना के तहत मिली छात्रवृत्ति से हमें काफर मदद मिली।'' महाराष्ट्र के सतारा की इस तीरंदाज ने कहा, ''इससे हमें सिर्फ प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिला।''

बर्लिन में 2023 में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली अदिति ने खेलो इंडिया युवा खेलों में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने शिवाजी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए खेलो इंडिया विश्व विद्यालय खेलों राजस्थान 2025 में अपनी पहली उपस्थिति में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की तनिपर्थी चिकिथा को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर उस विरासत को जारी रखा।

## एसआईआर लोगों के लिए 'मुसीबत का सबब' : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लोगों के लिए 'मुसीबत का सबब' करार देते हुए निर्वाचन आयोग से उत्तर प्रदेश में यह कवायद पूरी करने की अवधि कम से कम तीन महीने तक बढ़ाने की मांग की है। यादव ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि एसआईआर लोगों के लिए 'मुसीबत का सबब' बन गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में एक महीने के भीतर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है। बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर काम का अतिरिक्त दबाव है, जिसका असर उनकी शारीरिक-मानसिक स्थिति पर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का समय चार दिसंबर से 11 दिसंबर तक बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। उन्होंने कहा, ''समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यावहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है कि निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है।'' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, इन स्थितियों में यह आशंका होती है कि निर्वाचन आयोग को अपनी साख, चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की परवाह नहीं रह गई है? वह भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाली संस्था बन गई है।

यादव ने कहा, निर्वाचन आयोग की अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से एसआईआर कराने में रूचि है तो उसे उत्तर प्रदेश के करोड़ों मतदाताओं की एसआईआर की समय सीमा कम से कम तीन महीने होनी चाहिए।

## कैग ने असम के 2023-24 के बजट को बताया अवास्तविक, अत्यधिक अनुपूरक अनुदान पर उठाए सवाल

**गुवाहाटी/भाषा।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने असम सरकार के 2023-24 के बजट अनुमानों को 'अवास्तविक और अनुमान से कहीं अधिक' करार दिया है।

कैग ने बताया कि कई मामलों में मूल आवंटित राशि को खर्च भी नहीं किया गया, फिर भी अनुपूरक अनुदान स्वीकृत कर लिए गए। कैग ने कई स्वायत्त परिषदों तथा अन्य निकायों द्वारा उपयोगिता प्रमाणपत्र तथा वार्षिक लेखे जमा न करने की बात भी कही। विधानसभा में शनिवार को पेश 2023-24 की राज्य वित्त संबंधी कैग रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष के दौरान राज्य सरकार के बजट अनुमान 'लगातार अवास्तविक और अधिक' बने रहे। राज्य ने 1,69,966.13 करोड़ रुपए के अनुदान एवं विनियोग के मुकाबले केवल 1,39,449.66 करोड़ रुपए ही खर्च किए, जिसके कारण कुल 30,516.47 करोड़ रुपए बच गए। यह बचत कुल अनुदान एवं विनियोग का 17.95 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि यह बचत केवल कागजी थी, क्योंकि वास्तव में खर्च के लिए धन उपलब्ध ही नहीं था, क्योंकि वास्तविक प्राप्तियां अनुमानित 1,65,215.70 करोड़ रुपए के मुकाबले केवल 1,38,830.79 करोड़ रुपए ही थीं। कुल बची राशि में मात्र 0.35% (107.08 करोड़ रुपए) ही वापस की गई, जिसके कारण अन्य विभाग इस राशि का इस्तेमाल नहीं कर पाए। इससे वित्तीय प्रबंधन की खराब स्थिति का संकेत मिलता है।



## पीलीभीत में तालाब में कार समेत डूब रहे चालक को दो राहगीरों ने बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पीलीभीत (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के टनकपुर हाईवे स्थित गौहनिया तालाब के बीचों बीच कार समेत डूब रहे चालक को दो राहगीरों ने अदम्य साहस दिखाते हुए जान जोखिम में डालकर बचा लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि एक कार तालाब में गिर गई थी और दो साहसी युवकों के सहयोग से कार को निकाल कर घायल कार चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे पीलीभीत कोतवाली क्षेत्र के टनकपुर राजमार्ग पर कांशीराम बारात घर के पास हुई, जब सुनगढ़ी मोहल्ले के शुभम तिवारी (25) द्वारा चलाई जा रही एक कार नियंत्रण खो बैठी और गौहनिया तालाब में गिर गई।

अधिकारियों के अनुसार चारों खिड़कियों के शीशे बंद होने के कारण कार तेज़ी से डूबने लगी और चालक शुभम फंस गया, 15 मिनट तक कई प्रयासों के बावजूद, वह बाहर नहीं निकल सका और अंततः बेहोश हो गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन तालाब की गहराई के कारण कोई भी उसमें कूदने से बच रहा था। उन्होंने बताया कि ऐसे नाजुक मौके पर, चिड़िया दाह गांव के एक स्थानीय मछुआरे, शब्बीर ने अपनी छोटी नाव तालाब में खेकर डूबती हुई कार तक पहुंचाई। उन्होंने बताया कि उसने खिड़की तोड़कर ड्राइवर को बाहर निकालने की कोशिश की। उसकी नाव पलट गई, फिर भी शब्बीर ने हार नहीं मानी और शुभम को बाहर निकालने के लिए अपना प्रयास जारी रखा। स्थिति को देखते हुए, एक अन्य राहगीर दिनेश कुशवाहा शब्बीर की मदद के लिए तालाब में कूद गया।

अधिकारी ने बताया कि दोनों ने मिलकर शुभम को बचा लिया और उसे सुरक्षित निकाल लिया। शुभम को घटनास्थल पर ही सीपीआर दिया गया और फिर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीलीभीत के उप ज़िलाधिकारी (नगर) विजयवर्धन तोमर और पुलिस व दमकल विभाग सहित क्षेत्रीय अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुँच गए। तोमर ने कहा, शब्बीर और दिनेश ने ड्राइवर को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर अदम्य साहस का परिचय दिया है।

## बस्ती में साइबर ठगी के गिरोह का भंडाफोड़, छह आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बस्ती/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बस्ती में पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी बड़ी विदेशी साजिश का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के कथित सरगना समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनंदन ने पुलिस लाइन सभागार में संवाददाताओं को बताया कि क्रिप्टो करेंसी के जरिए चल रहे इस साइबर धोखाधड़ी मामले में उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में फैले बड़े नेटवर्क का खुलासा किया गया है। अब तक 4.50 करोड़ रु. से अधिक की ठगी सामने आ चुकी है, जबकि देशभर में इस गिरोह के खिलाफ साइबर अपराध के 74 मुकदमे दर्ज हुए हैं।

डीआईजी त्यागी ने बताया कि अंतरराज्यीय स्तर के इस गिरोह का एक सरगना जिले के थाना सोहना क्षेत्र में बैठ कर बिहार राज्य से पैसे निकालने का काम कर रहा था। डीआईजी ने बताया कि पुलिस ने अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें अभियुक्त प्रशांत मिश्रा क़ो पूरे गिरोह का सरगना बताया जा रहा है।

## झारखंड के जलाशयों में प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड में पारा गिरने के साथ ही प्रवासी पक्षी जलाशयों की ओर रुख कर रहे हैं और अपनी चहचहाहट एवं रंगीन दृश्यों से पक्षी प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। हर साल की तरह, इस बार भी हजारों प्रवासी पक्षी अपने मूल क्षेत्रों पर पड़ रहे अत्यधिक ठंड से बचने के लिए झारखंड को अपना शीतकालीन ठिकाना बना रहे हैं।

एशियाई जलपक्षी गणना (एडब्ल्यूसी) के झारखंड समन्वयक सत्य प्रकाश ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''ये पक्षी भोजन के लिए और मध्य एशिया, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पड़ने वाली अत्यधिक ठंड से खुद को बचाने के लिए झारखंड में सर्दियों के मौसम के दौरान बांधों, झीलों, नदियों और अभयारण्यों जैसे विभिन्न जलाशयों में शरण लेते हैं।'' उन्होंने बताया कि उधवा झील पक्षी अभयारण्य (साहिबगंज), पतरातू बांध (रामगढ़), तोपचांची झील, तिलैया और मैथन बांध (धनबाद), कांके और रुक्का बांध (रांची), डिमना झील (जमशेदपुर), बास्का बांध (चतरा) और अन्य जल निकायों में प्रवासी पक्षियों का आना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि साहिबगंज स्थित उधवा अभयारण्य प्रवासी पक्षियों के लिए पसंदीदा स्थानों में से एक रहा है। उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिले में स्थित इस 565 हेक्टेयर के अभयारण्य में गंगा नदी की दो प्राकृतिक अप्रवाही झीलें हैं, जिनमें पटौरा और बरहले शामिल हैं।

साहिबगंज प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) प्रबल गर्ग ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह राज्य का एकमात्र रामसर स्थल है और लगभग 160 पक्षी प्रजातियों का घर है।

गर्ग के अनुसार, सर्दियों में सबसे ज्यादा आने वाले पक्षियों में काला धारीदार हंस, उत्तर धारीदार बत्तख, मुर्गाबी, कलहंस, गैडवॉल, गुरगल बत्तख और लाल चोंच एवं लाल कलगी वाली बत्तख शामिल हैं जबकि लाल अंजन, घोंघिल, लिटिल ग्रेब और कौड़िल्ला अभयारण्य की साल भर की पक्षी विविधता में योगदान करते हैं।

## बिहार चुनाव में हार के बाद राजद, कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में अपमानजनक हार का सामना करने वाले विपक्षी खेमे, महागठबंधन, में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। चुनावों में सत्तारूढ़ राजग ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी थी।

इस सप्ताह की शुरुआत में उस समय सनसनी फैल गई जब आलाकमान द्वारा बुलाई गई समीक्षा बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली आए कांग्रेस के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पार्टी नेताओं का एक वर्ग अपने पुराने, लेकिन प्रभावशाली सहयोगी राजद के साथ गठबंधन करने के बजाय अकेले चुनाव लड़ने के पक्ष में था।

जिन लोगों ने 61 उम्मीदवारों में से अधिकांश की भावनाओं का खुलासा किया, उनमें से संयोगवश केवल छह को ही जीत मिली, उनमें से प्रमुख व्यक्ति पिछली विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान थे। खान ने एक के बाद एक समाचार संस्थानों से कहा, हमारे ज़्यादातर उम्मीदवारों की यही राय थी कि अगर हमने राजद के साथ गठबंधन न किया होता, तो हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। भविष्य की रणनीति क्या हो, यह पार्टी आलाकमान को तय करना है।

जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष खान, जो कांग्रेस में शामिल होने से पहले वामपंथ से संबद्ध एसएफआई में थे, को कदवा विधानसभा क्षेत्र में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा, जहां से वह लगातार तीसरी जीत की उम्मीद कर रहे थे। यह सीट जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी ने जीती है, जो पिछले साल के आम चुनावों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर से कटिहार लोकसभा सीट हारने के बाद से राजनीतिक रूप से निष्क्रिय थे। कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि कई नेताओं का मानना है कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का 'जंगल राज' का विमर्श, जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बिहार में शासन के दौरान व्याप्त अराजकता को उजागर करने का प्रयास था, गठबंधन सहयोगियों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

# कोहली का 52वां शतक, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** भारत ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (135 रन) के 52वें वनडे शतक के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा (तीन विकेट) और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव (चार विकेट) के झटकों की बदौलत रविवार को यहां पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। दूसरा वनडे तीन दिसंबर को रायपुर में खेला जाएगा।

कोहली ने 120 गेंद की तेज पारी के दौरान 11 चौके और सात छक्के जमाए जिससे भारत ने आठ विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।



क्रिकेट के एकमात्र इस प्रारूप में खेलने वाले कोहली ने फिर अपनी अहमियत और दबदबे को साबित किया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा (51 गेंद में 57 रन) के साथ 136 रन की साझेदारी करके जेएससीए स्टेडियम की सपाट पिच पर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी।

कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंद में 60 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और रविंद्र जडेजा ने 20 गेंद में 32 रन का योगदान दिया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत काफी खराब हुई, उससे 11 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पर मैथ्यू बीट्ज़के (72 रन), मार्को यानसन (70 रन) और कॉर्बिन बॉश (67 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेली लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके जो 49.2 ओवर में 332 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कुलदीप ने 68 रन देकर चार विकेट और हर्षित राणा ने 65 रन देकर तीन विकेट झटके। अर्शदीप सिंह को दो विकेट मिले। प्रसिद्ध कृष्णा ने अंतिम बल्लेबाज बॉश को आउट करके भारत को जीत दिलाई। कोहली अब टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेलते हैं और अगले आठ महीनों में भारत को सिर्फ छह वनडे मैच खेलने हैं इसलिए 36 साल के इस क्रिकेटर के लिए इस प्रारूप का हर मैच अब अहमियत रखता है। उन्होंने अपनी पारी से चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को याद दिलाया कि वह इस प्रारूप में भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने हुए हैं।

रोहित के पास भी खुद को साबित करने का एक शानदार मंच था। उन्होंने एक रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाया और मार्को यानसन की गेंद पर पगबाधा होने से पहले अर्धशतक ही बना सके। क्रिकेट प्रेमी कोहली और रोहित की बड़ी पारी खेलने के लिए बेकरार हैं और दोनों के बीच 136 रन की भागीदारी इन दोनों खिलाड़ियों का ही आत्मविश्वास नहीं बढ़ाएगी बल्कि टीम प्रबंधन को भी भरोसा देगी कि वे अब भी बड़े मंच के स्टार हैं और भारत के लिए अभी और खेल सकते हैं।

पिच सपाट थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने भी सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी नहीं की। यानसन के अलावा नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनील बार्टमैन ने दो दो विकेट झटके।

## रोहित ने एकदिवसीय में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में अफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक छक्के (352) लगाने के मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़ दिया। रोहित के नाम इस शृंखला से पहले 349 छक्के थे। अफरीदी ने 1996 से 2015 के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में 398 मैचों में 351 छक्के लगाए थे।

रोहित ने पारी के 15वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर प्रेनेलन सुब्रयन की गेंद पर डीप मिडविकेट पर लगातार दो छक्के लगाकर अफरीदी की बराबरी की और फिर मार्को यानसन की गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर पुल करके अफरीदी के काफी कम पारियों में सर्वाधिक एकदिवसीय छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बना लिया। रोहित ने 2007 में पदार्पण के बाद भारत के लिए 278 मैचों की 270वीं पारी में इस उपलब्धि को हासिल किया। वह वनडे करियर का 60 अर्धशतक पूरा करने के बाद यानसन की गेंद पर पगबाधा हुए। उन्होंने 50 गेंद में 57 रन की पारी के दौरान तीन छक्कों के अलावा पांच चौके जड़े। उन्होंने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 गेंद में 136 रन की साझेदारी के साथ भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई।





## सुविचार

इंसानियत दिल में होती है
हैसियत में नही, ऊपरवाला
कर्म देखता है वसीयत नही।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भारत: अन्नदाता और संस्कृतिदाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में जिन सकारात्मक घटनाओं का उल्लेख किया, वे देश के लिए बड़ी उपलब्धियां हैं। इनके बारे में जानकर देशवासियों को और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलेगी। भारत ने 357 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन कर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। इसके लिए देश के किसान बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत से अन्न के भंडार भर दिए। एक दौर था, जब भारतवासियों के लिए पश्चिमी मीडिया कहता था कि ये अपनी धरती को माता कहते हैं, लेकिन अपना पेट भरने के लिए पर्याप्त अनाज नहीं उगा सकते। आज भारत के पास इतना अनाज है कि वह कई देशों का पेट भर सकता है। देश को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश में अनाज की कमी दूर करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया था और धरती मां ने भी अपार स्नेह बरसाया। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक के जिन इलाकों में मधुमक्खी पालन के बारे में बताया, उनसे देश के अन्य लोग बहुत कुछ सीख सकते हैं। इससे लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुल सकते हैं। देश में घी और शहद की बहुत मांग है, बशर्ते वे पूरी तरह शुद्ध हों। बड़े शहरों में लोग इनके लिए ज्यादा कीमत देने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन वे शुद्धता की गारंटी चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में 'वन तुलसी' के फूलों से मधुमक्खियां अनूठे शहद का निर्माण करती हैं। क्या इस पौधे को देश के अन्य इलाकों में उगाया जा सकता है? क्या इसके बीज/पौधे दूसरे राज्यों में उपलब्ध कराए जा सकते हैं? विशेषज्ञों को इन प्रश्नों पर विचार करते हुए अन्य राज्यों के युवाओं को प्रशिक्षित करना चाहिए।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 'महाभारत अनुभव केंद्र' अद्भुत स्थान है। यहां लोगों को 3डी, लाइट एंड साउंड शो के जरिए महाभारत के दृश्यों को महसूस करने का अवसर मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने इस केंद्र का उल्लेख कर देशवासियों को भारत की आध्यात्मिक गौरव गाथा से जोड़ने का प्रयास किया है। हाल में सऊदी अरब में पहली बार किसी सार्वजनिक मंच पर गीता की प्रस्तुति दी गई। यह देश धार्मिक एवं सांस्कृतिक मामलों में बहुत परंपरागत दृष्टिकोण रखता है। वहां ऐसे आयोजनों के लिए अनुमति मिलना ही बहुत मुश्किल होता है। सऊदी अरब के लोग गीता के ज्ञान में आध्यात्मिक शांति ढूंढ़ रहे हैं। यही नहीं, वे योग, ध्यान, शाकाहार, आयुर्वेद में रुचि ले रहे हैं। सऊदी नागरिक खुलकर मीडिया में नहीं बता सकते, लेकिन कई लोगों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने जब से शाकाहार अपनाते हुए भारतीय संस्कृति के अनुसार जीवन जीना शुरू किया, वे बेहतर महसूस कर रहे हैं। लातविया, एस्टोनिया, लिथुआनिया और अल्जीरिया में भी गीता का दिव्य ज्ञान लोगों का जीवन बदल रहा है। प्रधानमंत्री ने सत्य कहा कि 'काशी तमिल संगमम' विश्व की सबसे पुरानी भाषा और विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक शहर का संगम है। हर बार की तरह इस बार भी इसकी थीम ('लर्न तमिल' अर्थात 'तमिल सीखें') बहुत रोचक है। इससे लोगों को तमिल भाषा और इसके महान साहित्य के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। बेशक 'काशी तमिल संगमम' उन सभी लोगों के लिए एक महत्त्वपूर्ण मंच बन गया है, जिन्हें तमिल भाषा से लगाव है। यह इस भाषा को लेकर देशवासियों में और लगाव पैदा करेगा। ऐसे आयोजन उन स्वार्थी तत्त्वों को भी जवाब हैं, जो भाषा के नाम पर लोगों में फूट डालते हैं। भारत की सभी भाषाएं सुंदर हैं। वे हमारी शक्तियां हैं।

## ट्वीटर टॉक



आज पाली में भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ जी के सुपुत्र श्रेयांस राठौड़ जी के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर वर-वधु को सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ तथा परिवार को इस मंगल अवसर पर ढेरों बधाई प्रेषित की।

**-दिया कुमारी**



नेशनल हाईवे, जयपुर में ट्रक और कार के बीच हुई भीषण टक्कर से हुई जनहानि से मन व्यथित हुआ है। जान गंवाने वाले जनों को श्रद्धांजलि अर्पित है। परिजनों को सांत्वना मिले। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना है।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



संसद भवन परिसर में आयोजित सर्वदलीय बैठक में विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं के साथ आगामी संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर विस्तृत चर्चा हुई। आगामी शीतकालीन सत्र सार्थक संवाद और रचनात्मक विमर्श के माध्यम से लोककल्याण के मुद्दों तथा संसदीय परंपराओं को सुदृढ़ करेगा।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# पाप की बिक्री

एक बार कवि कालिदास बाजार में घूमने निकले। वहां उन्होंने एक स्त्री को एक घड़ा और कुछ कटोरियां लिए ग्रहकों के इंतजार में बैठे देखा। कालिदास यह देखकर परेशानी में पड़ गए। वह उस स्त्री के पास गए। उन्होंने वहां जाकर पूछा किबहन तुम क्या बेचती हो। उस स्त्री ने कहा मैं पाप बेचती हूं। मैं स्वयं लोगों से कहती हूं कि मेरे पास पाप हैं, मर्जी हो तो ले लो। लोग रुचि से ले जाते हैं। इस जबाव को सुनकर कालिदास उलझन में पढ़ गए। उन्होंने पूछा कि घड़े में कैसे पाप हो सकता है? स्त्री बोली, हां होता है, जरूर होता है। देखो , मेरे आठ घड़े में आठ पाप भरे हैं। बुद्धिमान, पागलपन, लड़ाई-झगड़े, बेहोशी, विवेक का नाश, सदगुण का नाश, सुखों का अंत औ नर्क में ले जाने वाला दुष्कर्म। और भी हैरानी में पड़ते हुए कालिदास ने पूछा, अरे बहन। इतने सारे पाप बताती हैं आप, तो आखिर इन घड़ों में है क्या? स्त्री बोली, शराब, वह शराब ही उन सभी पापों की जननी है। जो शराब पीता है, वह व्यक्ति इन आठ पापों का शिकार हो जाता है। कालिदास उस स्त्री की चतुराई को देखकर दंग रह गए।

## सामयिक

# नशे का बढ़ता प्रचलन एवं घातक कारोबार

**ललित गर्ग**
मोबाइल : 9811051133



भारत में नशीले पदार्थों का बढ़ता प्रचलन एवं बढ़ता घातक कारोबार आज एक भयावह राष्ट्रीय संकट बन चुका है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। यह समस्या किसी एक राज्य या किसी सीमित क्षेत्र की नहीं रही, बल्कि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित पूरे देश में यह अपने विकराल रूप में फैल चुकी है। विशेष रूप से किशोर और युवा पीढ़ी जिस तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रही है, वह एक खतरनाक भविष्य की चेतावनी है। नशा आज केवल व्यक्तिगत बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश की प्रस्तावना बन चुका है। अंधेरी गलियों में भटकते युवा, परिवारों का टूटता संतुलन, अपराधों में वृद्धि और जीवन मूल्यों का क्षरण-ये सब नशे की महामारी के दुष्परिणाम हैं। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने के लिये अपराध की गलियों गुम होते जा रहे है, तरह-तरह के अपराध कर रहे हैं। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। निश्चित ही यह सम्मेलन इस घातक एवं गंभीर होती समस्या के समाधान में रोशनी बनेगा।

नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं। पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है। सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सीमा पार से ड्रोन के जरिये लगातार नशीले पदार्थ व हथियार भेजने के मामले प्रकाश में आए हैं। हाल के वर्षों में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि ड्रग व्यापार अब किसी सीमित भौगोलिक दायरे तक सीमित नहीं रहा। पंजाब, जिसकी आबादी देश की कुल आबादी का मात्र ढाई प्रतिशत है, वहां से देश में बरामद होने वाली हेरोइन का लगभग आधा हिस्सा पकड़ा गया है। यह अकेला तथ्य बताने के लिए पर्याप्त है कि नशीले पदार्थों का नेटवर्क कितना गहरा, विस्तृत और संगठित हो चुका है। हरियाणा की सीमावर्ती जिलों में पिछले पाँच वर्षों के दौरान राज्य के कुल ड्रग मामलों का लगभग नब्बे प्रतिशत भाग सामने आया है, जो स्पष्ट संकेत देता है कि तस्करी का रास्ता राज्यों की सीमाओं से गुजर कर पूरे समाज में फैलता जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण बताते हैं कि नशे की आदत अब केवल युवाओं तक सीमित नहीं, बल्कि लाखों बच्चे और किशोर और विशेषतः महिलाएं-युवतियां विभिन्न नशीली वस्तुओं के संपर्क में आ चुकी हैं। यह स्थिति सिर्फ चिंता का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की अगली पीढ़ी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी है। नशे की गिरफ्त में फंसकर बच्चे और युवा मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और शैक्षणिक जीवन में बुरी तरह पिछड़ रहे हैं। परिवार टूट रहे हैं, आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है, और अपराधों का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। नशे की वजह से चोरी, लूट, हिंसा, हत्या और यौन अपराध तक बढ़ते जा रहे हैं।

**यह समय चेतावनी का समय है। यदि आज हमने नशे की इस राष्ट्रीय महामारी को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी। नशा मानवता का शत्रु है। यह युवा शक्ति को अंधेरे में धकेलता है, परिवारों को तोड़ता है, राष्ट्र की प्रगति को रोकता है। इसलिए आज एक ही संकल्प होना चाहिए कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को हम केवल सरकारी प्रयासों पर न छोड़ें, बल्कि इसे अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानें।**

समस्या का यह दूसरा पहलू भी उतना ही भयावह है कि नशे का व्यापार अब सामान्य चोरी-छिपे किए जाने वाला धंधा नहीं रहा, बल्कि विशाल और संगठित तस्करी-तंत्र में बदल चुका है। ड्रोन के माध्यम से ड्रग तस्करी, अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, नकली दवाओं का उत्पादन, कफ सिरप व अन्य औषधियों के दुरुपयोग का व्यापक कारोबार-ये सभी संकेत हैं कि नशा भारत के सामाजिक ढांचे को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। ड्रग माफिया, अपराधी गिरोह, भ्रष्ट तंत्र एवं पडोसी देश मिलकर एक ऐसी समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं, जो कानून, नैतिकता और मानवीय जीवन के लिए बेहद खतरनाक है। चंडीगढ़ में आयोजित महत्वपूर्ण सम्मेलन में कई ऐसे तथ्य सामने आए जिन्होंने सभी को हिला दिया। यह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया कि अब नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की प्राथमिकता है। राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी इस बात पर सहमत दिखे कि यदि अब भी सख्त और संगठित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में हालात और भयावह हो सकते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि नशे का यह संकट भारत की सामाजिक संरचना, युवाशक्ति और राष्ट्रीय प्रगति को गहरी चोट पहुँचा रहा है।

इस अनियंत्रित होते भयावह संकट को रोकने के लिए सरकार, पुलिस, न्याय तंत्र, समाज और परिवार-सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। सिर्फ कानून बनाकर और कभी-कभार छापामारी करके इस समस्या का समाधान संभव नहीं। सबसे पहले कानूनों को मजबूत करने और उनके कठोर क्रियान्वयन की आवश्यकता है। ड्रग तस्करी, नकली दवाइयों का निर्माण और अवैध वितरण के खिलाफ ऐसी दंडात्मक व्यवस्था होनी चाहिए कि अपराधी इसके परिणामों से भयभीत हों। मौजूदा समय में कई बार अपराधी मामूली सजा या जमानत पर छूट जाते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और अवैध कारोबार और तेजी से फैलता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून कठोर हों और उनका पालन बिना किसी समझौते के हो। दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र है-नशामुक्ति और पुनर्वास। नशे की गिरफ्त में आए लोग सिर्फ अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित भी हैं। परिवार, समाज और सरकार को उन्हें समझना, सहारा देना और पुनर्वास का रास्ता उपलब्ध कराना आवश्यक है। देश में नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उनकी गुणवत्ता, सुविधाओं, चिकित्सा सहायता, काउंसलिंग और पुनर्वास कार्यक्रमों को और मजबूत करने की जरूरत है। नशे से बाहर आने वाले व्यक्ति को नये जीवन की शुरुआत के लिए सामाजिक सम्मान, परिवार का सहयोग और रोजगार के अवसर मिलना आवश्यक है; वरना वे दोबारा उसी अंधेरी राह में लौट जाते हैं।

यह समय चेतावनी का समय है। यदि आज हमने नशे की इस राष्ट्रीय महामारी को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी। नशा मानवता का शत्रु है। यह युवा शक्ति को अंधेरे में धकेलता है, परिवारों को तोड़ता है, राष्ट्र की प्रगति को रोकता है। इसलिए आज एक ही संकल्प होना चाहिए कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को हम केवल सरकारी प्रयासों पर न छोड़ें, बल्कि इसे अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानें। सरकार से यही अपेक्षा है कि वह नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के खिलाफ अधिक कठोर, अधिक पारदर्शी और अधिक प्रभावी नीति बनाए तथा उसका निष्ठापूर्वक पालन सुनिश्चित करे। समाज से यही अपेक्षा है कि वह नशे को शर्म का नहीं, जागरूकता और उपचार का विषय बनाए। और युवाओं से यही निवेदन है कि वे समझें-नशा न शक्ति देता है, न सुख; यह केवल जीवन और भविष्य को छीन लेता है। अब समय आ गया है कि भारत नशे के इस संकट को रोकने के लिए एकजुट होकर निर्णायक कदम उठाए। यही राष्ट्रहित है, यही समाजहित है और यही मानवता के भविष्य की रक्षा है।

## नजरिया



**भाजपा के लिए नया अध्यक्ष बेहद महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी ने जो रणनीतियां बनाई हैं, उनके साथ नए अध्यक्ष को तालमेल बैठाना होगा। उसे पार्टी के संगठन को नई दिशा देने के साथ-साथ युवाओं को जोड़ने और आगामी चुनावों की तैयारियों में सक्रिय भूमिका के साथ एनडीए के साथी संगठनों से बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा ।**

# मोदी और शाह को अपने भरोसे का अध्यक्ष चाहिए

**बाल मुकुन्द ओझा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन का सस्पेंस लगातार बढ़ता ही जा रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न हो गए है, इसी के साथ पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। यह भी कहा जा रहा है खरमास के समाप्त होते ही अध्यक्ष के निर्वाचन की विधिवत प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सियासी क्षेत्रों में चर्चा है कि, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और संघ के मध्य सब कुछ सही नहीं चल रहा है, जिसके कारण दोनों के बीच आपसी तालमेल बिगड़ गया है। यही कारण है कि भाजपा अपना अध्यक्ष अब तक नहीं चुन पाई है। पिछले एक साल से हर सप्ताह - पखवाड़े शीघ्र चुनाव की खबरे मीडिया में उछलती है। इसके साथ ही पांच सात नामों की सूची पर चर्चा होने लगती है। कुछ दिनों बाद यह चर्चा ठंडी पड़ जाती है। इसके साथ कुछ दिनों के इंतज़ार के बाद फिर चुनाव की ख़बरों से सियासत गरमाने लगती है। इस प्रकार की ख़बरें पचासों बार छप चुकी है मगर आज तक भाजपा अपना अध्यक्ष नहीं खोज पाई है। अब यह मामला कहां जाकर अटका और लटका है यह मोदी और शाह ही भलीभांति बता सकते है। यह भी कहा जा रहा था कि बिहार चुनाव के बाद अध्यक्ष का फैसला हो जायेगा। अब बिहार चुनाव भी हो गया, मगर अब तक स्थिति साफ़ नहीं हुई है।

पार्टी विथ डिफरेंस का दावा करने वाली भाजपा इस समय एक अजीब से उधेड़बुन का शिकार हो रही है। भाजपा अध्यक्ष का निर्वाचन अब बीरबल की खिचड़ी बन गया है। कोई न कोई बहाना बताकर इसे लगातार आगे से आगे खिसकाया जा रहा है। दस करोड़ सदस्यों वाली पार्टी के पास वर्तमान में 16 राज्यों में खुद के बुते अथवा सहयोगियों के साथ सरकार हैं। इसके बावजूद एक अदद अध्यक्ष की तलाश पूरी नहीं हो रही है। राज्यों में भी तदर्थ अध्यक्ष पार्टी चला रहे है। पार्टी का संगठनात्मक ढांचा डांवाडोल की स्थिति में है। वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो चुका है।

इसके बाद लगातार नये अध्यक्ष की खोज की जा रही है मगर यह खोज पौने तीन साल बाद भी ख़त्म नहीं हुई है। एक व्यक्ति, एक पद का सिद्धांत भाजपा में लागू होता है। मगर दो पदों पर काम कर रहे वर्तमान अध्यक्ष को इससे छूट दे रखी है। लोग तरह तरह की टीका टिप्पणियां कर रहे है। कुछ लोग इसे भाजपा संघ के मध्य मन मुटाव से भी जोड़कर देख रहे है। बताया जा रहा है संघ ने शीर्ष नेतृत्व को अपने रूख से अवगत करा दिया है, अब फैसला पार्टी को करना है कि वह संघ के बताये रास्ते पर चलेगी अथवा अपना स्वतंत्र मार्ग अख्तियार करेगी। संघ के विश्वसनीय सूत्र बता रहे है वह आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति पर काम कर रही है जिसमें अध्यक्ष के साथ प्रधान मंत्री पद का फैसला अहम बन गया है। इसी बीच एक बार फिर भाजपा के सूत्र कह रहे है पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव दिसंबर या जनवरी 26 में हो सकता है। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने इस चुनाव को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

भाजपा और संघ के जानकारों का कहना है मोदी के मन की थाह लगाना मुश्किल है। भाजपा में कई फैसले ऐसे लिए गए हैं जो बेहद चौंकाने वाले थे। मनोहर लाल खट्टर से लेकर भजन लाल तक के नाम इसमें शुमार किये जा सकते है, जिनकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। मोदी को ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो उनका विश्वस्त तो हो ही साथ में उसे अगला चुनाव जिताने की भरपूर क्षमता और सम्भावना हो। अगले लोकसभा चुनाव नये अध्यक्ष के कार्यकाल में संपन्न होंगे इसीलिए फूंक फूंक कर कदम उठाये जा रहे है।

इसी बीच पार्टी विथ डिफरेंस और दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा में नये अध्यक्ष को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हो रही हैं। दक्षिण भारत और उत्तर भारत की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। अनेक बड़े और दमदार नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं, जो पार्टी के इस महत्वपूर्ण पद के लिए दावेदार हैं। इसी बीच मीडिया में प्रमुखता से एक दर्ज़न नामों की चर्चा सुनी जा रही है। इनमें केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, देवेंद्र फडणवीस, केशव प्रसाद मौर्य, मनोहर लाल खट्टर, समृति ईरानी और संजय जोशी के नाम प्रमुखता से लिए जा रहे है। रोज कुछ नाम इस सूची में कुछ नाम जुड़ रहे है। किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष का दारोमदार सौंपने की चर्चाएं भी है। संघ के पसंद-नापसंद की चर्चाएं भी छाई हुई है।

भाजपा के लिए नया अध्यक्ष बेहद महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी ने जो रणनीतियां बनाई हैं, उनके साथ नए अध्यक्ष को तालमेल बैठाना होगा। उसे पार्टी के संगठन को नई दिशा देने के साथ-साथ युवाओं को जोड़ने और आगामी चुनावों की तैयारियों में सक्रिय भूमिका के साथ एनडीए के साथी संगठनों से बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा । इसलिए पार्टी को एक ऐसे चेहरे की तलाश है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़ा हो और संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत हो। साथ ही मोदी और शाह के भरोसे का हो।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## कैंपेन



कोच्चि में रविवार को कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल आने वाले केरल लोकल बॉडी चुनावों के लिए डोर-टू-डोर कैंपेन के दौरान।

# अपनी पहली फिल्म में मैं जितना बेचैन था, आज भी उतना ही बेचैन हूं : अनुपम खेर

**मुंबई/भाषा**

अभिनेता अनुपम खेर का कहना है कि उम्र के साथ-साथ अभिनय के प्रति उनका जुनून कम नहीं हुआ है। उन्होंने इस पेशे की तुलना समुद्र से करते हुए कहा कि अभिनय की दुनिया इतनी विशाल और गहरी है कि चाहे आप कितना भी कुछ ले लें, हमेशा और भी बहुत रह जाता है। 500 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके खेर ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं आज भी उतना ही बेचैन हूं जितना अपनी पहली फिल्म में था। मेरी उम्र के कई अभिनेताओं ने जीवन के उत्साह को त्याग दिया है और वे खुद को अधिक उम्र का या अधिक अनुभवी समझने लगे हैं। लेकिन यह एक ऐसा पेशा है जो समुद्र के जैसा है – आप इसमें से कितना भी पानी निकाल लें, फिर भी बहुत कुछ बचा ही रहेगा। और जीवन के प्रति मेरा नजरिया भी यही है।

अपने असीम उत्साह के बारे में पूछे जाने पर खेर ने कहा, मैं अपना जीवन पूरी तरह से जीता हूं और इसके लिए उत्साही होना आवश्यक है। उम्र ने मुझे स्थिर नहीं होने दिया है। अभिनेता ने कहा कि वह अमेरिकी अभिनेता-फिल्म निर्माता क्लिंट ईस्टवुड और वुडी एलन के साथ-साथ भारतीय सुपरस्टार अमिताभ बच्चन जैसी हस्तियों से प्रेरणा लेते हैं और सिनेमा के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हैं।

भूमिकाओं और फिल्मों के चयन के संदर्भ में खेर ने कहा कि वह जानबूझकर वृद्ध पात्रों वाली कहानियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिनमें शिव शास्त्री बलबाओ, द सिग्नेचर, विजय 69 और तन्वी: द ग्रेट शामिल हैं। खेर इन दिनों अपनी 549वीं फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसका निर्देशन उनके पुराने फिल्म निर्माता दोस्त सूरज बड़जात्या कर रहे हैं। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी भी हैं।

## बचाव



इंडियन एयर फ़ोर्स के लोग तूफ़ान से प्रभावित श्रीलंका में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकालते हुए।

# पहलगाम हमले के बाद दर्शक फिल्म देखने के मूड में नहीं थे: 'ग्राउंड जीरो' के निर्देशक तेजस देओस्कर

**मुंबई/भाषा**



इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'ग्राउंड जीरो' के निर्देशक तेजस देओस्कर ने कहा की फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन काफी हद तक इसलिए प्रभावित हुआ क्योंकि पहलगाम हमलों के कारण दर्शक फिल्म देखने के मूड में नहीं थे। हालांकि निर्देशक ने फिल्म को मिली प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। फिल्म में हाशमी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अधिकारी नरेन्द्र नाथ धर दुबे की मुख्य भूमिका निभाई है। अधिकारी ने 2001 में संसद और अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकवादी हमलों के 'मास्टरमाइंड' को पकड़ने के अभियान का नेतृत्व किया था। यह फिल्म 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के तीन दिन बाद रिलीज हुई थी। हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे।

निर्देशक ने हाल ही में संपन्न हुए भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के रेड कार्पेट पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, दुर्भाग्यवश, पहलगाम हमला फिल्म की रिलीज से दो दिन पहले हुआ, इसलिए पूरा देश कोई भी फिल्म देखने के मूड में नहीं था। उन्होंने कहा, पहलगाम में जो कुछ हुआ और लोगों की जिस तरह से जान गई, उसे लेकर हम सभी चिंतित थे। उस दौरान हम सचमुच शोक में थे। इसलिए हम दर्शकों को कोई दोष नहीं देते। हां, यह और बेहतर हो सकता था। लेकिन मुझे इस बात पर भी गर्व है कि 'ग्राउंड जीरो' भी एक ऐसे विषय पर आधारित है जो पहलगाम की स्थिति के बहुत करीब है। दोओस्कर को 'बकेट लिस्ट', 'छतरीवाली' और 'अजिंक्य' जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा, बहुत से लोग हमारी सुरक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं और 'ग्राउंड जीरो' उन्हीं में से एक नरेन्द्र नाथ धर दुबे की कहानी है। देओस्कर ने कहा, हम कश्मीर में फिल्म की शूटिंग के दौरान सुरक्षित महसूस कर रहे थे, क्योंकि सरकार ने सुरक्षा सुनिश्चित की थी। जब हम शूटिंग कर रहे थे, तो जम्मू-कश्मीर में माहौल बिल्कुल शांतिपूर्ण था। जब हम फिल्मांकन के लिए स्थान का मुआयना कर रहे थे, तब मैं व्यक्तिगत रूप से पहलगाम (हमले) वाली जगह पर गया था, लेकिन मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि यह सुरक्षित नहीं है या हमारे साथ कुछ हो जाएगा। 'ग्राउंड जीरो' 25 अप्रैल को रिलीज की गई। इसमें साईं ताम्हणकर और जोया हुसैन की भी अहम भूमिका है।

# नेपाल ने चीनी कंपनी को विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंक नोट छापने का ठेका दिया

**काठमांडू/भाषा**

नेपाल के विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंक नोट छापने का ठेका एक चीनी सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस को मिला है, जिसमें सबसे नया 1,000 रुपये का नोट भी शामिल है। नेपाल के केंद्रीय बैंक नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन को 50 रुपये, 500 रुपये और 1,000 रुपये के नेपाली बैंक नोट छापने का ठेका दिया है। एनआरबी के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने रविवार को पीटीआई-भाषा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल में दिए गए ठेके के अनुसार चीनी सिक्योरिटी प्रेस को नौ महीने के अंदर बैंक नोटों का डिजाइन, छपाई और आपूर्ति करनी है। अधिकारी ने कहा कि एनआरबी के निर्देश के अनुसार चीनी कंपनी नोट डिजाइन करती है और फिर उसकी बैंक से मंजूरी मिलने के बाद ही छपाई होती है। इस महीने की शुरुआत में इसी चीनी कंपनी को नेपाल के 1,000 रुपये के 43 करोड़ बैंक नोट डिजाइन करने और छापने के लिए आशय पत्र जारी किया गया था। चीनी कंपनी सबसे कम बोली लगाने के आधार पर चुनी गई थी और उसने पहले भी नेपाल के पांच रुपये, 10 रुपये, 100 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट छापे हैं। नेपाल के केंद्रीय बैंक बृहस्पतिवार को 100 रुपये का नया नोट जारी किया था। इसमें देश का बदला हुआ नक्शा है, जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्र को नेपाल में दिखाया गया है।

# देश में बढ़ते वायु प्रदूषण पर रवीना टंडन ने जताई चिंता

**मुंबई/एजेन्सी**

दिल्ली और दिल्ली से सटे राज्यों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। दिवाली के बाद से ही प्रदूषण का स्तर बदलते मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। अब इस समस्या पर बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने चिंता जताई है और ढेर सारे पोस्ट शेयर किए हैं, जिसमें बढ़ते प्रदूषण से होने वाले शारीरिक नुकसान पर फोकस किया गया है। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर बढ़ते प्रदूषण को लेकर बहुत सारे पोस्ट किए हैं, जिसमें एयर पॉल्यूशन को परमानेंट हेल्थ डैमेज बताया है। पोस्ट पर लिखा है, अगर पीएम 2.5 प्रदूषण हो और एक्यूआई 200-300 हो, तो महज घंटे भर में ये कण शरीर में जाकर फेफड़े, दिल और ब्रेन को नुकसान पहुंचाते हैं। अगर यही एक्यूआई 4 हफ्तों तक बना रहे, तो अस्थमा, श्वसन संबंधी रोग, आंखों में जलन और गले से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं।''



पोस्ट में आगे लिखा है, अगर यही एक्यूआई 1 से 3 महीनों तक बना रहता है, तो धीरे-धीरे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, फेफड़े की अंदरूनी परत मोटी होने लगती है, बच्चों के फेफड़ों का विकास प्रभावित होता है, और रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है। रवीना टंडन का पोस्ट डराने वाला है और यूजर्स भी एक्ट्रेस के पोस्ट पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। बात अगर देश की राजधानी दिल्ली की करें तो शनिवार को भी सुबह सात बजे एक्यूआई 338 दर्ज किया गया। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग एक्यूआई दर्ज किया गया। मौसम विभाग और एयर क्वालिटी एजेंसियों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर और खराब होने वाला है, क्योंकि हवा में प्रदूषण फैलाने वाले तत्व तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदूषण से बचने के लिए दिल्ली सरकार समेत आस-पास के बाकी राज्यों की सरकारें सख्त तरीके से कार्रवाई कर रही हैं। प्रदूषण को कम करने के लिए हवा में पानी का छिड़काव किया जा रहा है और पराली जलाने वाले किसानों पर भी जुर्माना लगाया जा रहा है। बता दें कि रवीना टंडन प्रकृति और पशु प्रेमी हैं। वे आए दिन पशुओं पर क्रूरता से बचने के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करती रहती हैं और यूजर्स से भी अपील करती हैं कि वे पशुओं के प्रति दयालुता का भाव रखें। रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा टंडन ने पेटा इंडिया के साथ मिलकर कर्नाटक के मूडबिद्री के जैन मंदिर में एक हाथी को भेंट स्वरूप दिया था।



# साइक्लोथॉन में महिमा चौधरी और जैकी श्रॉफ पहुंचे

**मुंबई/एजेन्सी**

मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मुंबई में आयोजित किए गए एक इवेंट साइक्लोथॉन में बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी और अभिनेता जैकी श्रॉफ को देखा गया। दोनों ने लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही जरूरी हैं। अभिनेत्री महिमा चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का श्रेय आयोजकों को जाता है। साइकिल चलाना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों के लिए बेहद जरूरी है। इस तरह के आयोजन लोगों को साइकिल चलाने और सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एक उचित साइकिलिंग ट्रैक जरूरी है और यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए कि प्रतिभागी सुरक्षित रूप से साइकिल चला सकें। उन्होंने कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते रहना चाहिए। इससे हमारा मानसिक विकास अच्छे से होता है और अच्छे हैप्पी हार्मोन बनते हैं। महिमा चौधरी ने बताया कि आज के इवेंट में 7000 से ज्यादा लोगों ने साइकिल रेस में हिस्सा लिया है और इसमें कई बड़ी कंपनियों के सीईओ भी मौजूद हैं।

वहीं जैकी श्रॉफ इवेंट में स्नैक प्लांट का पौधा लेकर पहुंचे। उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया। एक्टर का कहना है कि बाहर निकलना तभी सार्थक होगा, जब अच्छी ऑक्सीजन मिल पाएगी। लगभग हर रविवार को मुंबई और दिल्ली जैसे महानगरों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए साइकिल रेस, पैदल रेस और कई तरह की एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता है। इन इवेंट्स में बॉलीवुड सेलेब्स लोगों को मोटिवेट करने पहुंचते हैं और खुद भी एक्टिविटीज का हिस्सा बनते हैं। मुंबई में राइड टू एम्पावर और 'साइकिल फॉर हेल्थ' जैसे हेल्थ से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इसके अलावा मुंबई पुलिस और आर्मी के जवानों के स्वास्थ्य के लिए भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



# फिल्म 'तेरे इश्क में' ने रिलीज के पहले दिन 15.06 करोड़ रुपये की कमाई की

**नयी दिल्ली/भाषा**

राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले अभिनेता धनुष और कृति सेनन अभिनीत फिल्म तेरे इश्क में ने रिलीज के पहले दिन देशभर की टिकट खिड़की पर 15.06 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। भूषण कुमार की टी-सीरीज और कलर येलो प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है। यह फिल्म शुक्रवार को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। प्रोडक्शन बैनर ने अपने सोशल मीडिया मंच पर यह खबर साझा की। पोस्ट में फिल्म का पोस्टर दिखाया गया है जिस पर फिल्म की कमाई के आंकड़े लिखे हैं। पोस्टर पर लिखा था, बोनाफाइड ब्लॉकबस्टर ने रिलीज के पहले दिन 15.06 करोड़ रुपये की शुद्ध कमाई की। 'तेरे इश्क में'। अब सिनेमाघरों में। अपनी टिकटें बुक करें। कैप्शन में लिखा था, आपके 'इश्क' के कारण यह फिल्म देशभर में धूम मचा रही है! तेरे इश्क में अब दुनिया भर के सिनेमाघरों में, हिंदी, तमिल और तेलुगु में। अभी अपनी टिकट बुक करें। यह फिल्म गर्म खून वाले शंकर और एक शोध छात्रा मुक्ति की कहानी है, जो मानती है कि हिंसक पुरुषों को वश में किया जा सकता है। मुक्ति इसे साबित करने के लिए शंकर को अपने शोध कार्य में शामिल करती है।



# राम गोपाल वर्मा की 'पुलिस में भूत' में नजर आएंगे मनोज बाजपेयी

**मुंबई/एजेन्सी**

निर्देशक राम गोपाल वर्मा मनोज बाजपेयी के साथ दर्शकों को डर का एहसास कराने के लिए फिल्म पुलिस में भूत लेकर आ रहे हैं। शनिवार को निर्देशक ने सोशल मीडिया पर एक अभिनेता की तस्वीर पोस्ट की। निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, मनोज बाजपेयी की एक झलक पुलिस स्टेशन में भूत से। निर्देशक की पोस्ट प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है। वे दोनों की फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं क्योंकि निर्देशक और मनोज बाजपेयी लंबे समय के अंतराल के बाद फिर से साथ में वापसी कर रहे हैं। बात दें, दोनों ने आखिरी बार फिल्म सत्या में काम किया था। साल 1998 की फिल्म सत्या को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और इस फिल्म ने अभिनेता को भी अच्छी पहचान दी थी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा, सैफाली शाह, जेडी चक्रबर्ती, सौरभ शुक्ला, परेश रावल और उर्मिला मातोंडकर जैसे स्टार्स नजर आए थे। फिल्म में मनोज ने भीखू म्हात्रे का किरदार निभाया था, जो लोगों को आज भी याद आता है।

अब दोनों लंबे समय के अंतराल के बाद फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' में साथ आए हैं। इस फिल्म में अभिनेता के साथ अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख और राम्या कृण्णन भी होंगी। फिल्म का निर्माण वेव एमिरेट्स मीडिया प्रोडक्शन और कर्मा मीडिया एंटरटेनमेंट मिलकर कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म को लेकर अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

साल 2026 में इसके रिलीज की उम्मीद लगाई जा रही है। हाल ही में मनोज बाजपेयी की सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 अमेजन प्राइम में स्ट्रीम हुई है। इस बार नई कहानियों के साथ नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें जयदीप अहलावत और निमृत कौर शामिल हैं। इस बार सीरीज में श्रीकांत तिवारी की निजी जिंदगी और उनके प्रोफेशनल संघर्षों के बीच का टकराव देखने को मिल रहा है।

# अभिनय की दुनिया एक अलग जिंदगी जीने की आजादी देती है : निमरत कौर

**मुंबई/एजेन्सी**

ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर जब भी कोई नया सीजन रिलीज होता है, तो दर्शक सबसे पहले यह देखना चाहते हैं कि उनके पसंदीदा किरदारों के साथ क्या नया हुआ है और कौन से नए किरदार कहानी में जुड़ रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में रिलीज हुई 'द फैमिली मैन सीजन 3' ने एक बार फिर दर्शकों का ध्यान खींचा है। तीसरे सीजन में एक नया किरदार 'मीरा' दर्शकों के लिए खासा दिलचस्प साबित हुआ। इस किरदार को अभिनेत्री निमरत कौर ने निभाया। इस किरदार को लेकर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। निमरत कौर ने कहा, ''मीरा का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत शानदार अनुभव रहा। इस रोल ने मुझे महिला सशक्तीकरण की भावना महसूस करने का मौका दिया। यह किरदार न केवल कहानी में अहम है, बल्कि यह दर्शाता है कि एक महिला अपने तरीके से किसी भी चुनौती का सामना कर सकती है, चाहे वह पुरुषों की दुनिया में काम कर रही हो या फिर नेतृत्व की भूमिका में हो।''

उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसके सभी लेखक पुरुष ही थे, जिन्होंने महिला सशक्तीकरण के अलग पहलुओं को दिखाया। जब महिला का ऐसा किरदार पुरुष लेखकों द्वारा लिखा जाता है, तो उसे निभाना बहुत रोचक अनुभव होता है। इस किरदार ने मुझे खुद पर भरोसा करने और आत्म-विश्वासी बनने की प्रेरणा दी। कई बार मैं खुद को देखती थीं और सोचती कि यह किरदार जिस तरह आत्म-विश्वासी है, मैं असल जिंदगी में उसकी तरह शायद ही बन पाऊं।''



निमरत ने कहा, ''अभिनय की दुनिया में मुझे जो आजादी मिलती है, वह असल जिंदगी में शायद संभव नहीं है। जब मैं किसी किरदार को निभाती हूं, तो उसे अपने असली जीवन के अनुभवों और सोच से अलग रखकर पूरी तरह से जी सकती हूं। यही अभिनय की खूबसूरती है कि वह हमें अपनी सीमाओं से परे जाकर किसी और के अनुभव को महसूस करने की आजादी देता है।'' 'द फैमिली मैन 3' में निमरत कौर का किरदार खलनायिका मीरा के रूप में सामने आया है। इस शो का निर्देशन राज और डीके ने किया है और इसमें मनोज बाजपेयी, प्रियमणि और जयदीप अहलावत जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। तीसरा सीजन 21 नवंबर को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुआ, जिसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# अच्छे विचार व्यक्ति को उन्नति की तरफ ले जाते हैं : साध्वी भव्यगुणाश्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक समुदायवर्ती साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने माइक्रो लेबस लिमिटेड कंपनी परिसर में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति का चिंतन जितना गहन होगा उतना ही उसका आत्म उत्थान होगा और वह प्रगति के मार्ग पर बढ़ेगा। अच्छे विचार व्यक्ति को उन्नति की तरफ तो बुरे विचार व्यक्ति को पतन की राह पर ले जाते हैं। कर्म के कारण भारी आत्मा डूब जाती है जबकि हल्की आत्मा भवसागर से पार हो जाती है। ङ्गसाध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि केवल धर्मात्मा कहलाने से हम पुण्यार्जन नहीं कर सकते हैं। इसके लिए हमें स्वयं को धर्म से जोड़ना होगा। जिनवाणी सुनना एवं प्रवचन लाभ लेना भी धर्म से जुड़ने का माध्यम है। हम खुद को धर्मात्मा कहलाना तो पसंद करते हैं लेकिन हमारे काम धर्म के अनुरूप नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम वास्तविक धर्मात्मा बनकर संसार सागर से पार होना चाहते हैं तो हमें अपने जीवन में धर्म का समावेश करना होगा ओर हमारे कर्म ऐसे हो पाप का क्षय कर पुण्य का बंध करें। भक्ति अगर भावपूर्वक होती है तो वह सार्थक होती है। भक्ति के माध्यम से परमात्मा से प्रार्थना करे तो वह कबूल हो जाती है। हमें याचक नहीं बनकर परमात्मा का सच्चा भक्त बनना होगा। भक्ति सच्चे मन से हो सर्वसुख की प्राप्ति होती है। विहार सेवा में सिद्धांत भंडारी, शाश्वत मेहता, विकास लुणिया, रजनीश जैन ने लाभ लिया। साध्वीवृंद ने अर्हम ग्रुप के विहार सेवकों का आभार व्यक्त किया।

# श्रीलंका में दित्वा चक्रवात के कारण 200 से अधिक लोगों की मौत

कोलंबो/भाषा

श्रीलंका ने चक्रवात 'दित्वा' के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही और 200 से अधिक लोगों की मौत के बाद रविवार को भारत की सहायता से राहत और बचाव कार्य जारी रखा। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की ओर से रविवार शाम चार बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, बृहस्पतिवार से अब तक 212 लोगों की मौत हो चुकी है और 218 लोग लापता हैं। डीएमसी ने बताया कि 9,98,918 लोग प्रभावित हुए हैं।

इस बीच, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और भारतीय वायुसेना के कर्मी लोगों की जान बचाने में श्रीलंकाई अधिकारियों की सहायता के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, एनडीआरएफ के कर्मी श्रीलंका में स्थानीय अधिकारियों के साथ करीबी समन्वय के तहत राहत अभियान जारी रखे हुए हैं।

भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत एनडीआरएफ के 80 कर्मियों के दो तलाश एवं बचाव दलों को श्रीलंका भेजा है। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने एक साहसिक अभियान के तहत भारतीयों समेत फंसे हुए यात्रियों को एक प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाला। वायुसेना ने कहा कि इस अभियान के दौरान तीन गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए हेलीकॉप्टर के जरिये अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा वायुसेना की टीम ने श्रीलंकाई सेना के पांच टीमों को भी दियाथलावा सैन्य शिविर से कोटमाले क्षेत्र में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचाया।



# पापकर्मों का क्षय व आत्मशुद्धि का साधन है मंत्र : साध्वीश्री पुण्ययशा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर से विहार कर बिड़दी पहुंची साध्वीश्री पुण्ययशाजी के सान्निध्य में इमरतलाल देवड़ा के निवास पर भिक्षु आध्यात्मिक अनुष्ठान रखा गया। साध्वीश्री पुण्ययशाजी ने अनुष्ठान से पूर्व अपने प्रवचन में कहा कि परमेष्ठी मंत्र का पांचवां पद 'णमो लोए सव्व साहूणं' अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह पद प्रथम चारों पदों की आत्मा है।

साधु के बिना किसी भी पद को प्राप्त नहीं किया जा सकता। इस पद में मन को नियंत्रित करने की अद्भुत क्षमता है। इस पद में किसी साधु विशेष को वंदन न कर केवल गुण निष्पन्न साधु को ही नमस्कार किया गया है। अतः इसकी आराधना साधुता की क्षमता का विकास करती है एवं कर्मों की निर्जरा व स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ मैत्री भाव को विकसित करती है।

इस जप-विधि से न केवल शरीर ही सधता है बल्कि पाप कर्मों का क्षय होता है, आत्मा शुद्ध होती है एवं भाव और मन भी संतुलित रहते हैं। राहु, केतु और शनि ग्रह की उपशांति के लिए इस पद को 'ॐ ह्रीं' के साथ शक्ति केन्द्र और ज्ञान केन्द्र पर जपा जाता है। पारस्परिक सौहार्द व गृहकलह निवारण के लिए इस पद को 'ॐ ऐं ह्रीं' के साथ नीले रंग में जपा जाता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए इस पद को 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं' के बीजाक्षर के साथ जपा जाता है। मंत्रों का विवेचन करते हुए साध्वीश्री जी ने ह्रस्व, दीर्घ व प्लुत उच्चारण के साथ ॐ ह्रीं णमो लोए सव्व साहूणं पद का सामूहिक अनुष्ठान करवाया। इस अवसर पर विनीतयशाजी, वर्धमानयशाजी, बोधिप्रभाजी सहित 31 श्रावक श्राविकाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर पदमचन्द खटेड़, संजय छाजेड़, कौशल देवड़ा, जीतेश देवड़ा दिलखुश देवड़ा, सुरेश देवड़ा, रमेश जैन, मुकेश देवड़ा आदि उपस्थित थे।

# वेनेजुएला के हवाई क्षेत्र को बंद माना जाना चाहिए: ट्रंप; मादुरो ने 'औपनिवेशिक खतरे' का दावा किया

ववेस्ट पाम बीच (अमेरिका)/एपी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वेनेजुएला के ऊपर और आसपास के हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद माना जाना चाहिए और उनके इस बयान ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर अमेरिकी दबाव को लेकर और सवाल खड़े कर दिए हैं। वेनेजुएला सरकार ने ट्रंप पर औपनिवेशिक ख़तरा पैदा करने का दावा किया और दक्षिण अमेरिकी देश (वेनेजुएला) की संप्रभुता को कमज़ोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ' सोशल प्लेटफॉर्म पर जो कुछ पोस्ट किया था उस बारे में व्हाइट हाउस ने कोई जवाब नहीं दिया और यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या वह एक नयी नीति की घोषणा कर रहे थे या केवल मादुरो के खिलाफ अपने अभियान के बारे में संदेश को मजबूत कर रहे थे।

इस अभियान के तहत, कैरिबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थ ले जाने के आरोप में छोटी नौकाओं पर कई हमले किये जाने तथा इस क्षेत्र में नौसेना के पोत को तैनात करना शामिल है। सितंबर की शुरुआत से अब तक ऐसे हमलों में 80 से अधिक लोग मारे गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हवाई नाकेबंदी का आह्वान मादुरो के बजाय एयरलाइंस, पायलट, मादक पदार्थों के डीलरों और मानव तस्करों के लिए किया।

वेनेजुएला सरकार ने कहा कि वह हवाई क्षेत्र बंद करने के ट्रंप के दावे को पूरी तरह से खारिज करती है और कहा कि यह एक औपनिवेशिक खतरा है जिसका मकसद देश की क्षेत्रीय अखंडता, वैमानिकी सुरक्षा और पूर्ण संप्रभुता' को कमज़ोर करना है। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने कहा, ऐसी घोषणाएं शत्रुतापूर्ण, एकतरफ़ा और मनमाना कृत्य हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने वेनेजुएला के प्रवासियों की द्वि-साप्ताहिक निर्वासन उड़ानों को एकतरफा तौर पर स्थगित कर दिया है। दोनों सरकारों के बीच बातचीत के बाद, इस साल दर्जनों चार्टर्ड उड़ानों के जरिए 13,000 से अधिक वेनेजुएलावासियों को वेनेजुएला निर्वासित किया गया है। इनमें एक उड़ान शुक्रवार देर रात राजधानी कराकस पहुंची, जैसा कि उड़ान-ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है। पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने वेनेजुएला के लिए उड़ानें रद्द करना शुरू कर दिया था, क्योंकि संघीय विमानन प्रशासन ने पायलटों को देश में बढ़ती सैन्य गतिविधियों के कारण सावधानी बरतने को कहा था।

ट्रंप प्रशासन ने मादुरो पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की है। अमेरिकी सरकार मादुरो को तेल-समृद्ध, लेकिन तेज़ी से गरीबी की ओर बढ़ रहे दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र का वैध नेता नहीं मानती, और उन पर अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप हैं। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के निकट बमवर्षक उड़ानें भरी हैं, और अमेरिका के सबसे उन्नत विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड को भी इस क्षेत्र में भेजा गया है।

इसके पहुंचने के साथ, ऑपरेशन सदर्न स्पीयर मिशन में अमेरिकी नौसेना के करीब एक दर्जन जहाज और लगभग 12,000 नाविक और मरीन शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने शुक्रवार को अपनी खबर में कहा कि ट्रंप और मादुरो ने बातचीत की है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के दारा बेंद्रे गेलेयारा बलेगा द्वारा चामराजपेट में बंडिमहाकाली देवी उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां के दर्शन कर अन्नदान कार्यक्रम में सेवा प्रदान की। संस्था के अनिल पोखरणा एवं अन्य सदस्यों ने मुणोत को सम्मानित किया।



# धर्मेंद्र का निधन पूरे देश के लिए एक बड़ा झटका है: सलमान खान

नयी दिल्ली/भाषा

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से पूरे देश को झटका लगा है। अभिनेता धर्मेंद्र का सोमवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। सलमान खान ने अपने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के एक एपिसोड के दौरान दिवंगत अभिनेता का जिक्र किया। उन्होंने कहा, देश को एक बहुत ही बड़ा झटका लगा है, प्रशंसकों को एक बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इंडस्ट्री को एक बहुत बड़ा सदमा पहुंचा है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है आप समझ रहे होंगे कि मैं किसके बारे में बात कर रहा हूं। खैर, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश! मुझे इस हफ्ते का 'वीकेंड का वार' नहीं करना पड़ता, लेकिन जिंदगी चलती रहती है। सलमान खान बृहस्पतिवार को आयोजित प्रार्थना सभा में भी मौजूद थे।

देओल परिवार ने यह श्रद्धांजलि सभा 'सेलिब्रेशन ऑफ लाइफ' शीर्षक से उपनगरीय बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल में आयोजित की थी। सलमान के अलावा प्रार्थना सभा में ऐश्वर्या राय बच्चन, माधुरी दीक्षित, विद्या बालन, शबाना आजमी, जैकी श्रॉफ, सिद्धार्थ मल्होत्रा, सुनील शेट्टी, अमीषा पटेल, फरदीन खान, निमरत कौर, सोनू सूद, अनु मलिक, सुभाष घई, अब्बास-मस्तान, अनिल शर्मा, करण जौहर और रेखा समेत कई फिल्मी हस्तियां शामिल हुईं।

## कैंपन



कोच्चि में रविवार को कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल आने वाले केरल लोकल बॉडी चुनावों के लिए डोर-टू-डोर कैंपेन के दौरान।



# विजयनगर तेरापंथ महिला मंडल ने अशोक जैन का सम्मान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा गणाधिपति आचार्यश्री तुलसी के दीक्षा शताब्दी वर्ष परिसंपन्नता पर श्रद्धासिक्त अभ्यर्थना हेतु पूर्व नगरपालिका आयुक्त अशोक जैन से भेंट कर आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा रचित पुस्तक 'धर्म चक्र का प्रवर्तन' भेंट की।

ज्ञातव्य है कि अशोक जैन कर्नाटक सरकार में विभिन्न नगर पालिकाओं में आयुक्त के तौर पर कार्यरत रह चुके हैं और उन्हें कर्नाटक सरकार द्वारा बेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर की उपाधि एवं गोल्ड मेडल से भी नवाजा जा चुका है। उनके कार्यकाल में बीजापुर नगरपालिका को 'बेस्ट नगरपालिका' चुना गया था। मंडल की अध्यक्ष महिमा पटावरी, सहमंत्री अनीता जीरावला एवं प्रचार प्रसार मंत्री बबीता दस्सानी ने अशोक जैन का सम्मान किया।

# हांगकांग में आग लगने से मरने वालों की संख्या 146 हुई

बीजिंग/हांगकांग/भाषा



हांगकांग में सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई, जबकि 150 लोगों का अब भी पता नहीं चल पाया है। तलाशी अभियान पांचवें दिन भी जारी है। हांगकांग के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने बुधवार को आग लगने वाली इमारतों के नवीकरण कार्य से जुड़ी एक महिला सहित आठ लोगों को कथित रूप से ज्वलनशील और घटिया सामग्री का उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 146 हो गई है, जिसमें एक अग्निशमनकर्मी भी शामिल है। अग्निकांड की जांच चल रही है और कई अनुत्तरित प्रश्न हैं, विशेष रूप से यह कि 1,984 फ्लैट वाली सात ऊंची इमारतों में आग कैसे लगी? इन फ्लैट में लगभग 4,600 निवासी रहते थे। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, 150 लोगों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा, बचे लोगों ने शिकायत की कि इमारतों में लगे अग्नि अलार्म काम नहीं कर रहे थे; परिणामस्वरूप, लोगों को कोई पूर्व चेतावनी नहीं मिल सकी।

इस घटना के बाद, चीन ने पूरे देश में ऊंची आवासीय और सार्वजनिक इमारतों में आग के खतरों का राष्ट्रव्यापी निरीक्षण शुरू कर दिया है। शनिवार को जारी एक नोटिस में, राज्य परिषद की कार्य सुरक्षा समिति ने स्थानीय सरकारों को निर्देश दिया कि वे आवासीय टावरों, कार्यालय भवनों, अस्पतालों और वाणिज्यिक परिसरों में तत्काल जांच करें और समस्याओं का समाधान करें।

अधिकांश फ्लैट के पूरी तरह जल जाने के कारण इनमें रहने वाले लोगों को पास के 1000 खाली फ्लैटों में ठहराया गया है।

# सुमात्रा में भीषण बाढ़ के बीच भोजन सामग्री और पानी के लिए लूटपाट

मेदान/एपी

इंडोनेशिया में भीषण बाढ़ से प्रभावित सुमात्रा द्वीप के कुछ लोगों ने जीवित रहने के लिए भोजन सामग्री और पानी की तलाश में लूटपाट की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इंडोनेशिया में लगभग एक सप्ताह पहले आई बाढ़ में अब तक 303 लोगों की मौत हो चुकी है, यह संख्या बढ़ने की आशंका है। बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सुमात्रा में बाढ़ के कारण भूस्खलन हुआ, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, द्वीप के कुछ हिस्से कट गए तथा संचार लाइनें टूट गईं। चुनौतीपूर्ण हालात और साजो सामान की कमी ने भी बचाव कार्यों में बाधा डाली है। उत्तरी सुमात्रा के सबसे अधिक प्रभावित शहर सिबोल्गा और मध्य तपनौली जिले तक सहायता पहुंचने में देरी हुई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों को भोजन, दवाइयां और गैस हासिल करने के लिए अवरोधकों, पानी से भरी सड़कों और टूटे हुए कांच को पार करते हुए देखा जा सकता है।

## आशीर्वाद



बागेश्वर धाम के मुख्य पुजारी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेटे अभिमन्यु यादव के साथ उज्जैन मध्य प्रदेश में रविवार को आशीर्वाद दिया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**